वर्ष: 48 अंक 223
जौनपुर, शनिवार
30 मई 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
38°C | 26°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in
















## पुणे में जहरीली शराब से 13 लोगों की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, 29 मई।** महाराष्ट्र में जहरीली शराब ने तांडव मचाया है। यहां पर शराब पीने से 13 लोगों की मौत हो गई है, पिंपरी-चिंचवाड़ के दापोड़ी और फुगेवाड़ी क्षेत्रों में 8 और पुणे के काले पाडल और हडपसर इलाकों में 5 लोगों की मौत हुई है। यह जहरीली और स्पिरिट युक्त शराब योगेश वानखेडे नाम के व्यक्ति ने तैयार की थी। मुख्य आरोपी योगेश वानखेड़े को गिरफ्तार कर लिया गया है।

योगेश के बारे कहा जाता है कि वह अवैध शराब के धंधे में शामिल है और उसके खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नकली शराब हादसे पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है और पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस कमिश्नरों को निर्देश जारी किए हैं। मृतकों में कई लोगों की मौत से पहले चक्कर आने और मुंह से झाग निकलने जैसे लक्षण सामने आए थे।

पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ दोनों पुलिस फोर्स को मामले की मिलकर जांच करने का निर्देश दिया गया है, घटना से जुड़ी कई जगहों पर अभी रेड चल रही है। अधिकारियों ने कहा कि अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। एक्साइज डिपार्टमेंट भी जांच में शामिल हो गया है क्योंकि अधिकारी मौतों का सही कारण पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।






## हमीरपुर में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल ढहा, 6 मजदूरों की मौत

**हमीरपुर, 29 मई।** बेतवा नदी पर ललपुरा क्षेत्र के मोराकांदर परसनी से कुरारा के नैठी व कंडौर गांव के बीच निर्माणाधीन लगभग एक किमी लंबे पुल का एक हिस्सा (स्लैब) शुक्रवार तड़के लगभग तीन बजे ढहने से मलबे में दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई है। तीन लोग पिलर के पास स्थान में फंस गए हैं, जो घायल हैं। हादसे के लगभग 11 घंटे बाद पुल में पिलर के पास फंसे तीनों मजदूरों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है।

बताया जा रहा कि सभी रात में पुल के इसी हिस्से में सो रहे थे। आंधी व बारिश के दौरान घटना हुई है। इससे सुरक्षा इंतजामों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद के प्रयास से स्वीकृत इस पुल का निर्माण उनके गांव मोराकांदर परसनी के पास से कराया जा रहा था। मरने वालों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

बताया जा रहा है कि ये पुल 92 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था। इस पुल के निर्माण का जिम्मा कानपुर की 'द सेल्टर कंपनी' के पास था। भीषण गर्मी को देखते हुए यहां मजदूरों की सुरक्षा के लिए रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट शिफ्ट में काम कराया जा रहा था।

प्राथमिक जांच के अनुसार, रात करीब 2 बजे के बाद आए तेज आंधी-तूफान के कारण पुल का भारी-भरकम स्लैब और पिलर भरभराकर गिर गया, जिससे वहां पर काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए। इस हादसे में अब तक 6 मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सभी मरने वाले व घायल बांदा और हमीरपुर के हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा शोक जताते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने, राहत कार्य तेज करने और घायलों के उचित इलाज व मुआवजे के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल मौके पर एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

**हादसा**

**11 घंटे बाद मलबे में फंसे तीन मजदूरों को निकाला गया सुरक्षित**



हमीरपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कुलदीप निषाद ने बताया- मौसम विभाग ने तेज आंधी और तूफान को लेकर एडवाइजरी जारी की थी। अगर अलर्ट के बाद भी मजदूरों से रात में काम कराया जा रहा था। इसलिए इस मामले में लापरवाही जरूर हुई है। शुरुआती जांच में ठेकेदार की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है।

**स्लैब में दबकर इनकी हुई मौत:** लोकेंद्र पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा उम्र 22 वर्ष, कुलदीप निषद पुत्र प्रेमचंद निवासी चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा उम्र 19 वर्ष, सावंत यादव निवासी भूरागढ़ बांदा उम्र 28 वर्ष, सभाजीत निवासी भूरागढ़ जनपद बांदा उम्र 30 वर्ष, पुष्पेंद्र सिंह चौहान पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी स्वासा खुर्द थाना ललपुर हमीरपुर उम्र 34 वर्ष एवं राजेश पाल पुत्र सभाजीत निवासी अचपुरा थाना ललपुर हमीरपुर उम्र 42 वर्ष।

**घायलों के नाम:** अवधेश निषाद भूरागढ़ बांदा, कल्लू यादव भूरागढ़ बांदा एवं राजेश निषाद नरैनी बांदा।

## 'आदेश सुरक्षित रखने के तीन महीने के अंदर फैसला सुनाएं'

**सुप्रीम कोर्ट का देश की सभी हाई कोर्ट को निर्देश**

**नई दिल्ली, 29 मई।** अदालती फैसलों में होने वाली देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि आदेश सुरक्षित रखने के बाद अधिकतम 3 महीने के भीतर फैसला सुनाएं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि फैसलों में देरी से वादियों को अपूरणीय क्षति होती है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में तेजी लाने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि जमानत की अर्जियों पर आदेश उसी दिन सुनाए जाने चाहिए, और अगर उन्हें सुरक्षित रखा जाता है, तो उन्हें अगले ही दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए।

कई निर्देश जारी करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत या सजा निलंबित करने का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिए, और विचाराधीन कैदी/दोषी को बेहतर होगा कि उसी दिन, या ज्यादा से ज्यादा अगले दिन रिहा कर दिया जाए।

## टीईटी पास करने की समय सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली, 29 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के लिए टीईटी की पात्रता हासिल करने की समय सीमा को एक साल बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने कार्यरत शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए अब 31 अगस्त 2028 तक का समय दिया है। पहले यह डेडलाइन 31 अगस्त 2027 थी। कोर्ट ने यह फैसला कई पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुनाया है। हालांकि अदालत ने उन याचिकाओं को फिर से खारिज कर दिया है जिसमें 2009 से पहले नियुक्त हुए सभी टीचर्स को अनिवार्य टीईटी के दायरे से बाहर रखने की मांग की गई थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच ने स्पष्ट कहा कि देश में काम कर रहे सभी टीचरों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी पास करना ही होगा।

## मां-बेटे समेत 6 लोगों की मौत व कई घायल, सैकड़ों पेड़ जमींदोज

### प्रयागराज, प्रतापगढ़ और कौशांबी में आंधी-बारिश का कहर

**प्रयागराज, 29 मई।** 20/29 मई की रात तेज आंधी के साथ चमक-गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। आंधी-बारिश ने प्रयागराज समेत प्रतापगढ़ और कौशांबी में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज आंधी से तीनों जनपदों में मां-बेटे समेत आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। दर्जनों स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में पेड़ जमींदोज हो गए तो टिन-छप्पर घरों से उड़ गए, वहीं कई जगह कच्चे घर भरभराकर गिर गए। बिजली के खंभे उखड़ गए जिससे बिजली आपूर्ति भी ठंप हो गई।

प्रतापगढ़ और कौशांबी में गुरुवार देर रात गरज-चमक के साथ तेज वर्षा हुई। इस दौरान आंधी में सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल जड़ से उखड़ गए। जगह-जगह मार्ग अवरुद्ध हो गए।-कुछ कच्चे मकान भी गिर गए। लोग दहशत से घर के बाहर आ गए। तीनों जिलों में प्रशासनिक टीम क्षेत्र में भ्रमण पर है। आंधी-बारिश में नुकसान का जायजा ले रही है।

**कौशांबी में 4 मौत:** आंधी-बारिश में कौशांबी



के दूनी का पुरवा मजरा पूरब शरीरा में कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। घर के अंदर बच्चों संग सो रही 26 वर्षीय मंगर सरोज, चार वर्षीय बेटी श्वेता व तीन वर्षीय बेटे अनुभव की मलबे में दबकर मौत हो गई। सिराथू तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में टिनशेड की चपेट में आने से 50 वर्षीय चंद्रभवन की मौत हो गई।

**प्रतापगढ़ में एक मौत:** प्रतापगढ़ जनपद में आंधी और बारिश के बीच एक वृद्ध की जान चली गई। महेशगंज थाना क्षेत्र के फतूहाबाद गांव में आंधी के दौरान टिन शेड का पिलर गिर गया। इसकी चपेट में 85 साल की महिला फूलकली आ गई। ग्रामीणों के सहयोग से परिवार के लोग किसी प्रकार उसे बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**प्रयागराज के कोरांव में अधेड़ की मौत:** प्रयागराज जनपद में यमुनापार के कोरांव नगर पंचायत के सुभाष नगर मुहल्ले के निवासी 55 वर्षीय विजय कुमार सिंह पुत्र बिहारी लाल सिंह की पड़ोसी के घर का बारजा गिरने से दबकर मौत हो गई। विजय कुमार सिंह रात में अपने टिन शेड के नीचे सो रहे थे। रात में लगभग तीन बजे आंधी के दौरान पड़ोस में बने मकान के दूसरे मंजिल का बारजा गिरने से विजय कुमार सिंह उसके नीचे दब गए।

स्वजन उन्हें आनन-फानन में सीएचसी कोरांव ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिवार में गमगीन माहौल है। मृतक विजय कुमार सिंह नगर पंचायत कोरांव के कर्मचारी परमहंस सिंह के चाचा बताए जाते हैं।

**मेजा में पेड़ गिरा, दो महिलाएं घायल:** मेजा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गड़ेवरा की आदिवासी बस्ती में शुक्रवार भोर में तेज आंधी व बारिश में भोला आदिवासी के मकान पर महुआ का पेड़ गिर गया। इससे मकान धराशायी हो गया। मकान में सो रहीं दो महिलाएं गम्भीर रूप से धायल हो गईं।

## 2026 एशियन गेम्स ट्रायल्स में हिस्सा ले सकेंगी विनेश फोगाट, सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, 29 मई।** विनेश फोगाट के एशियाई गेम्स में हिस्सा लेने की उम्मीदों को बल मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विनेश फोगाट को एशियाई गेम्स 2026 के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। स्टार महिला पहलवान 30 मई से शुरू होने वाले ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए योग्य हो गई हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'अगर कोई और होता तो मामला कुछ और होता। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है।' हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने इस मामले की जांच करने के तरीके और पद्धति पर गहरी चिंता व्यक्त की। इसमें कहा गया कि ऐसे मामलों में अदालतों का आसान और त्वरित हस्तक्षेप एक समस्या है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के पहलवान को खेलने की अनुमति देने के फैसले को चुनौती देने वाली डब्ल्यूएफआई द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान विनेश फोगाट से कहा, 'आप शानदार एथलीट हैं, लेकिन देश पहले।'

पीएस नरसिम्हा ने सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी की, 'यह मेडिकल कॉलेज के एडमिशन नहीं। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि इस तरह के मामलों में कोर्ट दखल दे और पूरे कार्यक्रम को बाधित करें।'




एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी निरंतर विस्तार कर रहा है : डॉ. देबस्मिता

# तीन दिवसीय "कैंपस टू कॉर्पोरेट" कार्यशाला का शुभारंभ

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** आरएलआई विंध्याचल द्वारा गुरूवार को एनटीपीसी विंध्याचल एवं एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी प्रशिक्षु-2025 बैच के लिए तीन दिवसीय कैंपस टू कॉर्पोरेट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पेशेवरों को शैक्षणिक जीवन से कॉर्पोरेट जगत में सहज रूप से प्रवेश करने हेतु तैयार करना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों के व्यावसायिक, पारस्परिक, संचार, टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ किया जाएगा।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार है जो सीखने, विकास, नवाचार एवं नेतृत्व को निरंतर प्रोत्साहित करता है। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने बताया कि एनटीपीसी तापीय ऊर्जा के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी निरंतर विस्तार कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को जिज्ञासु, संवादशील एवं सतत सीखने के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।डॉ. त्रिपाठी ने प्रशिक्षक अरुणिमा पात्रा, संस्थापक एवं निदेशक, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अनुभवात्मक एवं गतिविधि-आधारित सत्र प्रतिभागियों को अकादमिक जीवन और कॉर्पोरेट वास्तविकताओं के बीच की दूरी को समझने एवं जानने में सहायक होंगे।



कार्यशाला को संबोधित करतीं डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी

इस अवसर पर राघवेंद्र प्रसाद, अपर महाप्रबंधक, आरएलआई विंध्याचल, एनटीपीसी सिंगरौली से ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं राहुल प्रसाद, उप महाप्रबंधक (ईडीसी) सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने आरएलआई विंध्याचल द्वारा इस प्रकार के सार्थक विकासात्मक कार्यक्रमों के आयोजन एवं एनटीपीसी सिंगरौली के प्रशिक्षुओं को भी इस उपयोगी प्रशिक्षण अवसर से जोड़ने की सराहना की।तीन दिवसीय यह कार्यशाला कार्यकारी प्रशिक्षुओं को आत्मविश्वास के साथ अपने कॉर्पोरेट जीवन की शुरुआत करने तथा एनटीपीसी की निरंतर प्रगति एवं उत्कृष्टता में प्रभावी योगदान देने हेतु तैयार करेगी।

## पीएम किसान योजना के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य : डीएम



**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब सभी लाभार्थी किसानों के लिए वर्ष में एक बार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि कोई किसान निर्धारित अवधि में ई-केवाईसी नहीं कराता है, तो भारत सरकार द्वारा उसकी योजना की किस्तें अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही योजना की अगली किस्त जारी की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है।

किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे स्वयं फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी भी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी किसानों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष रूपये 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।

# हैंडपंप है खराब, जल जीवन मिशन भी नाकाम, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

**मीरजापुर।** जिले के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम मनऊर पुरब पट्टी आबादी में लगा हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा जल जीवन मिशन का पाइप लाइन गलियों में बिछें होने के बावजूद भी कनेक्शन नहीं दिये जाने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में हर घर, जल नल योजना शुरू हुआ है तभी से गांवों में मौजूद पहले के जल स्रोतों पर ग्राम पंचायत सहित शासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने से आजिज मनऊर पुरब पट्टी के ग्रामीणों द्वारा हैण्ड पंप के मरम्मत एवं जल जीवन मिशन पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन दिए जाने की मांग को लेकर खराब हैण्ड पंप के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित दुर्गा शर्मा, भानु शर्मा, झारकंडे प्रजापति, बुद्धन प्रसाद, मेटी प्रजापति, राजेन्द्र बियार, विनोद गुप्ता, सुरज कुमार, संतोष शर्मा, रघुनाथ गुप्ता, लालचंद यादव, अनिरुद्ध प्रजापति, डोमन प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात है कि मिर्जापुर जिले के जमालपुर विकासखंड क्षेत्र के ही मूल निवासी प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह हैं, बावजूद इसके उन्हीं के ही पैतृक ग्रह गांव क्षेत्र में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।



## बीच सड़क गिरा नीम का पुराना पेड़ बिजली आपूर्ति रही बाधित

**मीरजापुर।** नगर क्षेत्र के शुक्लहां मोहल्ले में विशालकाय नीम का पेड़ आंधी तूफान में धराशाई हो जाने से लोग बाल-बाल बचे हैं। हालांकि पेड़ की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े कई ई-रिक्शा सहित आस-पास के घरों दुकानों के सामान नष्ट होने के साथ बिजली का पोल भी टूटकर ज़मीन पर आ गये। जिसके चलते बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही है। मोहल्ले के लोगों सहित स्थानीय सभासद पति कमलेश मौर्या ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में बिजली विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभाग के जिम्मेदार मुलाजिमों को भी जर्जर पुराने पेड़ को कटवाने की मांग कि थी, लेकिन भविष्य में होने वाले हादसों को नकारते हुए इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया जिसका प्रतिफल यह रहा है कि आज यह हादसा हो गया।

# हिण्डाल्को, रेणुकूट में स्थानीय पत्रकारों के साथ मनाया वैल्यूज मंथ

**रेणुकूट, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** आदित्य बिड़ला समूह के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हिण्डाल्को, रेनुकूट परिसर के मनोरंजनालय प्रांगण में स्थानीय पत्रकारों के साथ वैल्यूज मंथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मूल्यों-ईमानदारी एवं गति की विस्तृत जानकारी दी गई**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, संस्थान के एच.आर. हेड अजय सिन्हा ने अपने संबोधन में समूह के पांचों मूल्यों-ईमानदारी, प्रतिबद्धता, जुनून, एकरूपता एवं गति की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ये मूल्य केवल संगठन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम सभी अपने दैनिक जीवन में इन्हीं मूल्यों का अनुसरण करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

प्रशासनिक एवं जनसम्पर्क प्रमुखयशवंत कुमार ने आमंत्रित समस्त मीडियाकर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2004 में आदित्य बिड़ला समूह द्वारा पांच प्रमुख मूल्यों को निर्धारित किया गया, जिनका अनुपालन प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अपने सभी कार्यों एवं व्यवहार में किया जाना अपेक्षित है। समूह का उद्देश्य है कि ये मूल्य संगठन के साथ-साथ समाज में भी व्यापक रूप से स्थापित हों।एच.आर. विभाग के प्रशांत कुशवाहा ने आदित्य बिड़ला समूह के ग्रुप उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समूह का लक्ष्य व्यवसाय के साथ-साथ समाज के समग्र विकास में योगदान देना है। कार्यक्रम में रेणुकूट से विभिन्न मीडिया संस्थानों के लगभग 30 पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान सभी मीडियाकर्मियों को उपहार भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पब्लिसिटी विभाग के प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा वैल्यूज एवं पर्पज का महत्व पत्रकारों के हित में बताते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

## अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का किया गया भंडारण

**मीरजापुर।** एक तरफ सरकार वनों की सुरक्षा और उनकी देखभाल के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से जंगल में स्थित हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के गुलरिहा बस्ती में बबूल, जामुन,इमली तथा यूकेलिप्टस पेड़ों की लकड़ियां काटकर रखी गई लकड़ियों को ट्रक पर लादा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि वनविभाग की मिलीभगत से मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी एक लकड़ी कारोबारी द्वारा भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के जंगल से महज आधा किलोमीटर दूर विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की काटी गई लकड़ियों का कई महीनों से यहां अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से जंगल में स्थित पेड़ों का कटान होने जंगल वीरान होते जा रहे हैं जिससे सरकार के वनावरण बढ़ाने के मंसूबों पर पानी फिर रहा है इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक लकड़ी कारोबारी द्वारा मध्यप्रदेश की काटी गई लकड़ियों का भैसोड़ बलाय पहाड़ में भंडारण किया गया है।

# कैनाल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, जांच की मांग

**मीरजापुर।** जिले के विकास खंड छानबे क्षेत्र के भवरूपुर-अजगना हरगढ़ बाजार के पास कैनाल प्रथम पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य का विरोध करते हुए भाजपा नेता ने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा नेता राम मनोहर का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार लाल बालू का उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।

उन्होंने बताया कि कैनाल में जब पानी छोड़ा जाता है तो तेज दबाव के साथ बहाव होता है। ऐसी स्थिति में घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगा और कुछ ही समय में बह जाने की आशंका है। इससे निर्माण कार्य का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

क्षेत्रीय लोग भी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं। यदि समय रहते विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की जांच कराने तथा मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता होने पर जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को दिया निर्देश

# जन-जन को मिले बेहतर सुविधा : चर्चित

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में इंस्ट्रूमेंट एवं मैनपावर की समस्या के संबंध में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जन-जन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर के अभाव में जिन उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स का संचालन प्रभावित हो रहा है, उनके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक मैनपावर की नियुक्ति की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। साथ ही आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं इंस्ट्रूमेंट्स की खरीद जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए।मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा कर्मियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए तथा रोस्टर के अनुसार उनकी ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने समय-समय पर मेडिकल कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. आनंद कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## भदोही में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का रेड अलर्ट

**भदोही।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 29 से 30 मई तक जनपद में आंधी-तूफान, तेज वर्षा, ओलावृष्टि व आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है और सभी विभागों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएम शैलेश कुमार ने बताया कि बीती रात जनपद में तेज हवा, आंधी-तूफान व बादलों की तेज गर्जना हुई, लेकिन राहत की बात है कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है। संभावित आपदा से बचाव के लिए नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख स्थलों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मुनादी, मोबाइल प्रचार वाहनों और अन्य माध्यमों से लोगों को चेतावनी व सुरक्षा संदेश दिए जा रहे हैं, ताकि अंतिम व्यक्ति तक समय से सूचना पहुंचे।

# लक्ष्य समय से करें पूर्ण : एडीएम

**भदोही।** डीएम शैलेश कुमार के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मार्च त्रैमासिक अवधि में किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए एडीएम न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीसीसी एवं डीएलआरसी) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। एडीएम ने बैंकिंग एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

इस दौरान समीक्षा में ऋण-जमानुपात (सीडी रेटिव) बढ़ाने के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। एडीएम ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत जनपद को संतृप्त करने के लिए सभी बैंकों को विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य सरकार प्रायोजित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न रहे तथा शिकायतों में कमी लाने के लिए बैंक उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।



इस मौके पर आरबीआई के एलडीओ अशोक कुशवाहा, नाबार्ड के डीडीएम राम यादव, आरसेटी के निदेशक भारद्वाज सहित जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन एलडीएम अमित कुमार गुप्ता ने किया।

## दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में मिला करोड़ों रुपये से भरा बैग

**मीरजापुर।** चील्ह थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान दो फॉर्च्यूनर गाड़ियों में करोड़ों रुपये से भरा बैग मिला है। जिसकी नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में रुपयों की गिनती हो रही है। रूपयों को गिनने के लिए बाकायदा बैंक से मशीन मंगाई गई। कैश करोड़ों के ऊपर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है कि किसकी है फॉर्च्यूनर गाड़ी इसकी भी जांच हो रही है। नगर मजिस्ट्रेट के निगरानी में चील्ह थाना पर रुपयों की गणना हो रही है जहां आयकर विभाग सहित अन्य भी मौजूद रहे हैं।

## आंधी से दीवार गिरी

**मीरजापुर।** यूपी-एमपी सीमा पर ड्रमंडगंज पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट का टीनशेड व दीवार गुरुवार देर रात आई तेज आंधी गिरकर धराशाई हो गया। वर्ष 2025 में प्रयागराज कुंभ मेला के दौरान तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मन के निर्देश पर भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पुलिस चेक पोस्ट बनाया गया था। गुरुवार की तेज आंधी तूफान में लगाया गया टीनशेड धराशाई हो गया।

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक कर सुनी समस्याएं

# निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तत्काल समाधान करें अधिकारी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल समिति की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, एनओसी और बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं रखीं।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए पाया कि 69 प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित हैं। इसी प्रकार सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2025-26 के अन्तर्गत बैंको को भेजे गए 973 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें 136 स्वीकृत, 108 आवेदन पत्र वितरित तथा 314 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 620 आवेदन पत्र बैंको में स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सरकार की प्राथमिकता है अतएव सभी लंबित एनओसी, अनापत्ति और स्वीकृतियां अविलम्ब जारी करते हुए वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। चुनार से तीन किलोमीटर आगे स्थित लगभग 10 ईकाईयो को जोड़ने वाले चुनार उदित नगर बड़ा गांव जर्जर मार्ग बनवाने तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने, तहसील चैराहा से पाण्डेयपुर रोड मरम्मत पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को उपरोक्त कार्यो को 15 दिवस के अन्दर मुख्य मार्गो की मरम्मत पैचवर्क और नाली सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त हो जानी चाहिए, ताकि कच्चे माल व तैयार उत्पाद की आवाजाही में दिक्कत न हो। विद्युत विभाग को औद्योगिक फीडर पर ट्रिपिंग रोकने और 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समयबद्ध तरीके से सहमति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।



बैठक करते हुए जिलाधिकारी

बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क का रेनोवेशन, राजकीय चीनी पात्र विकास केन्द्र, चुनार के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, जिला निर्यात समिति की बैठक समय से कराने तथा जनपद में स्थापित होने वाली औद्यागिक ईकाईयो (एमओयू) के आने वाले समस्याओं से उद्यमियो के द्वारा उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियो को समाधान कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा मनोज खण्डेलवाल, मण्डल सचिव इंडियन इंडस्ट्रीस्ज एशोसिएशन आशीष बुधिया, मीरजापुर कार्पेट से मोहनदाल अग्रवाल, राहुल कुमार, अशोक पटेल, आरके यादव, आशीष कमार, अमित श्रीनेत्र, आशीष सिंह, मुकेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राधेश्याम हरकघा विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहें।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, दो अभियुक्तों की 15 लाख की संपत्ति कुर्क

दुद्धी और विण्ढमगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**दुद्धी, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर थाना दुद्धी पुलिस ने दो शातिर गैंग सदस्यों की अपराध से अर्जित की गई 15 लाख 29 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्ति में दो पिकअप वाहन शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराधियों और गैंगस्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) और क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में दुद्धी पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, गैंग सदस्य अखिलेश कुमार यादव (पुत्र वैजनाथ यादव, निवासी कूदल, थाना कोन) द्वारा अपराध जगत से अर्जित धन से खरीदी गई पिकअप, जिसकी कीमत करीब 10 लाख 29 हजार 200 रुपये है, को कुर्क किया गया। इसके साथ ही दूसरे अभियुक्त आशीष यादव (पुत्र राजेन्द्र यादव, निवासी मुडीसेमर जामपानी, थाना विण्ढमगंज) की 5 लाख रुपये कीमत की पिकअप को भी कुर्क किया गया है।जिलाधिकारी सोनभद्र के आदेशानुसार धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 15,29,200 रुपये की चल संपत्ति की कुर्की की विधिक कार्रवाई पूरी की गई। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली संयुक्त पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी धर्मेंद्र कुमार सिंह और थानाध्यक्ष विण्ढमगंज शिव कुमार सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## खेत में मिला अधेड़ का जला शव, दो गिरफ्तार

**तेजीबाजार।** थाना क्षेत्र के कान्हापुर गांव में 61 वर्षीय अशोक मिश्रा का शव खेत में पाए जाने से सनसनी। जानकारी के अनुसार, अशोक मिश्रा को कथित तौर पर जलाकर मारा गया था। कान्हापुर स्थित चौबान बस्ती निवासी अशोक मिश्रा का शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक अशोक मिश्रा की पत्नी इसरावती मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तेजीबाजार थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी नारायण और शकुंतला देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए चालान भेज दिया गया है।

## युवक की तालाब में डूबकर मौत

**जौनपुर।** मछलीशहर कस्बा स्थित शंकर गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर भराने आए एक युवक की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मछलीशहर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी 20 वर्षीय प्रिंस पाण्डेय पुत्र रवींद्र पाण्डेय अपने मित्र हीतेश पाण्डेय के साथ गैस सिलेंडर भराने शंकर गैस एजेंसी मछलीशहर आया था। बताया जा रहा है कि एजेंसी पर गैस उपलब्ध न होने के कारण दोनों युवक वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान मछलीशहर कोतवाली के समीप सुंदरीकरण किए गए तालाब में झरने का पानी देखकर दोनों युवकों ने सड़क किनारे सिलेंडर रखवा दिया और तालाब में नहाने चले गए। नहाते समय प्रिंस अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में उसका साथी हीतेश भी डूबने लगा। दोनों युवकों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों ने तत्काल तालाब में कूदकर उन्हें बाहर निकाला। हीतेश सुरक्षित था, जबकि प्रिंस बेहोशी की हालत में मिला। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बारिश से कई इलाकों में बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**जौनपुर।** शुक्रवार सुबह अचानक बदले मौसम ने जिलेभर में भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी, गरज-चमक और मूसलाधार बारिश के चलते जिले के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। करीब 100 से अधिक गांवों में पिछले 10 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। वहीं खेतासराय कस्बे में एक जर्जर मकान का बारजा गिरने से दो लोग घायल हो गए। आंधी और बारिश से किसानों की फसलें, दुकानदारों का सामान और आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सिकरारा और बदलापुर तहसील से सटे इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बदलापुर क्षेत्र के शाहपुर में 33 हजार वोल्ट की मुख्य लाइन टूट गई, जबकि बटाऊबीर, दुधौड़ा, पूराराजवाड़, गजेंद्रपुर और मेढ़ा समेत कई ग्राम पंचायतों में एलटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब तीन दर्जन गांवों में आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। विद्युत विभाग की टीमें लगातार फॉल्ट खोजने और लाइनों की मरम्मत में जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने अगले कुछ घंटों में बिजली बहाल होने की उम्मीद जताई है।

### खेतासराय में जर्जर मकान का बारजा गिरा, दो घायल

खेतासराय कस्बे के वार्ड चौहट्टा स्थित पुरानी गली में गोला बाजार मोड़ के सामने शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक जर्जर मकान का बारजा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में कूड़ा फेंकने गई निशा पत्नी जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बारजे के नीचे बैठे गोला बाजार निवासी विष्णु सेठ भी इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। घायल महिला निशा ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह कूड़ा फेंकने गई थीं। उस समय वहां पानी जमा था, लेकिन मकान गिरने का अंदेशा नहीं था। अचानक बारजा गिर पड़ा और वह उसकी चपेट में आ गईं। तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया। बक्शा क्षेत्र के किसान भारत गुप्ता ने बताया कि खेतों में खड़ी मक्का की फसल बर्बाद हो गई है। नेनुआ और लौकी जैसी सब्जियों के मचान तेज हवा में टूट गए। वहीं आम की बची-खुची फसल भी पेड़ों से टूटकर गिर गई।

किसान सुशील यादव और डॉ. समय बहादुर यादव ने बताया कि बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं धर्मराज मौर्य और मोहित मौर्य ने बताया कि सब्जियों की फसलें भी काफी प्रभावित हुई हैं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका है।

### दुकानदारों को भी झेलना पड़ा नुकसान

नौपेड़वा के दुकानदार दानिश अली ने बताया कि भोर में आई तेज आंधी में उनकी दुकान का टीन शेड उड़ गया। इसके बाद हुई बारिश से दुकान के अंदर रखा सामान भीगकर खराब हो गया। कई अन्य दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### कई गांवों में पेयजल संकट, इन्वर्टर भी दिया जवाब

बढ़ौना गांव समेत करीब डेढ़ दर्जन गांवों में आठ घंटे से अधिक समय से बिजली गुल रहने के कारण पेयजल संकट खड़ा हो गया है। घरों की पानी टंकियां खाली हो चुकी हैं और लंबे बिजली कटौती के चलते इन्वर्टर भी जवाब दे चुके हैं। मोबाइल चार्जिंग और नेटवर्क की समस्या के कारण ग्रामीणों का संपर्क भी प्रभावित हो रहा है। उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली विभाग अलर्ट, मरम्मत कार्य जारी

विद्युत वितरण खंड दुनियापुर के एसडीओ एस.के. सिंह ने बताया कि तेज आंधी और बारिश के कारण जगह-जगह पेड़ों की डालियां बिजली तारों पर गिर गईं, जिससे लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। फॉल्ट ठीक करने का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं स्थानीय टीजी-2 दीपक कुमार ने बताया कि 33 केवी मुख्य लाइन में बड़ा ब्रेकडाउन हुआ है। पेट्रोलिंग टीमें जंगल और ग्रामीण इलाकों से गुजरने वाली लाइनों की जांच कर रही हैं। जेई विजय यादव ने बताया कि मुख्य फॉल्ट का पता लगा लिया गया है और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। सुबह अचानक छाए काले बादलों और तेज हवाओं के चलते दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया। कई जगहों पर पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। बाजारों में लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत जरूर मिली, लेकिन तेज आंधी और बिजली संकट ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया।

## दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत, नकाबपोश बदमाश फरार

**जौनपुर।** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक सैलून के अंदर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सैलून में घुसकर फायरिंग की। हालांकि युवक बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि मेढ़ा मोड़ स्थित सैलून में आशीष मिश्रा सेविंग करा रहे थे, तभी अचानक बाइक से पहुंचे बदमाशों ने उन पर गोलियां चला दीं। फायरिंग होते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिंगरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। शुरुआती जांच में पुराने विवाद को लेकर हमले की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

## पूर्व विधायक ने रवि यादव के परिजन से की मुलाकात

**खेतासराय।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने थाना खेतासराय क्षेत्र के सोंधी गांव पहुंचकर चर्चित आज़ाद बिंद दूल्हा हत्याकांड के नामजद सह आरोपी रवि यादव के परिजन से मुलाकात की तथा पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान परिजन ने बताया कि रवि यादव बी.कॉम तक शिक्षित था और उसका कोई बड़ा आपराधिक इतिहास नहीं था। परिवार के अनुसार उसके खिलाफ केवल दो छोटे मुकदमे दर्ज थे। परिजन ने पुलिस इनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की किसी न्यायिक अधिकारी अथवा जज से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने परिजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जल्द सौंपेंगे, ताकि मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि 24 मई की रात पुलिस मुठभेड़ में रवि यादव घायल हुआ था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद से क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वहीं परिजन लगातार न्यायिक जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## चाचा पर बलात्कार का आरोप

**चन्दवक।** स्थानीय थाना क्षेत्र की एक निवासनी ने अपने ही पड़ोसी चाचा पर बलात्कार का आरोप लगाया। प्राप्त समाचार के अनुसार भट्ठा पर रहने वाली एक आदिवासी महिला ने इसी भट्टे पर कार्य करने वाले अपनी पड़ोसी चाचा पर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है, उसने बताया घटना 24 मई को मेरा पति रिश्तेदारी में गए हुए थे। रात करीब 12:00 बजे मेरे चाचा पैसा देने के लिए मुझे बुला कर ले गए। कुछ दूर जाने के बाद मेरा मुंह बंद कर जबरदस्ती मेरे साथ बलात्कार किया। मुंह बंद करने व बलात्कार करने के खौफ से मैं बेहोश हो गई। इसी समय भट्ठा पर काम करने वाली दो महिलाएं पानी लेने के लिए आ गई मुझे बेहोश देखकर लेबर गाड़ी पर उठाकर घर पहुंचाई। मैं इतना घबराई हुई थी कि क्या करूं जब मेरे पति रिश्तेदारी से आ गए तब जाकर मैं लिखित पत्रक देकर न्याय की गुहार लगा रही हूं। पत्रक पाते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## महिला ने लगाई आग, हालत गंभीर

**खुटहन।** डिहिया गांव में गुरुवार की रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद महिला ने खुद को आग लगा लिया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव निवासी संगीता का किसी बात को लेकर अपने पति धर्मेन्द्र से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद नाराज संगीता घर के बगल स्थित छप्पर में चली गई। कुछ देर बाद उसकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि वह आग की लपटों से घिरी हुई थी। पति धर्मेन्द्र ने तत्काल वहां रखा कंबल डालकर किसी तरह आग बुझाई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और महिला को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि संगीता के चार छोटे बच्चे हैं। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। समाचार लिखे जाने तक मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**मछलीशहर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संदर्भित ज्ञापन नायब तहसील शुभम् गौतम को सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त् है। डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस के दाम आसमान पर हैं। तहसील, ब्लॉक से लेकर थाने तक भ्रष्टाचार चरम पर है। मंहगाई चरम पर है। भ्रष्टाचार, महंगाई पर अंकुश लगाने के साथ ही पुरानी पेंशन बहाली एवं प्री पेड स्मार्ट मीटर की जगह पोस्ट पेड मीटर लगाने की मांग की गई। अध्यक्षता राजा राम गौतम एवं संचालन सुभाष चंद्र गौतम ने किया। इस अवसर पर कल्पनाथ गुप्ता, जगन्नाथ शास्त्री, सालिक राम पटेल, उदल यादव, सुभाष चंद्र पटेल, रघुवर प्रजापति, कृष्ण नारायण तिवारी, लालमनि सिंह, सत्य नारायण पटेल, दिलीप सरोज, राजाराम, निलेश यादव, संदीप शर्मा ने विचार व्यक्त किया।

## 11000 वोल्ट का तार टूटा, बाल-बाल बचे लोग

**चन्दवक।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार (घाट के पास) 11000 वोल्ट का तार गिरने से अफरा तफरी मच गई मौके पर 112 के पहुंचने के बाद विद्युत सप्लाई बंद कर आग पर काबू पाया गया, बताया जा रहा है कि एक किसान के गन्ने के खेत में आग लग गई थी जिसे मौक़ा रहते ही काबू कर लिया गया।

## पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग।

**जौनपुर।** भारत रत्न से विभूषित भूत पूर्व प्रधान मंत्री किसानों मेहनत कसो तथा वंचितों की आवाज हाशिए पर पड़ी हुई। किसानों की फाइलों को मुख्यधारा में लाने वाले किसी भी परिस्थिति में वसूले से समझौता न करने वाले स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को जनपद के कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर रघुनाथ यादव जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दो राष्ट्रीय वेबिनार 30 को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, कम्युनिकेशन टुडे तथा भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एंड मैनेजमेंट (बीवीआईसीएएम), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई को दो राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। वेबिनार का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिसमें देशभर के शिक्षाविद, पत्रकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे। पहले राष्ट्रीय वेबिनार का विषय हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष परंपरा, परिवर्तन और भविष्य रखा गया है। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्रीनारायण तिवारी तथा मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसी क्रम में आयोजित दूसरे राष्ट्रीय वेबिनार का विषय नई पीढ़ी की नजर से हिंदी पत्रकारिता रखा गया है। इस सत्र में एचडी यूनिवर्सिटी, रोहतक के पूर्व डीन प्रो. हरीश कुमार तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्रा विशेष वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने बताया कि वेबिनार का उद्देश्य हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा, उसके समकालीन स्वरूप और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक विमर्श को बढ़ावा देना है। उन्होंने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की है। कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व प्रियंका सिंह निभा रही हैं, जबकि कम्युनिकेशन टुडे के संपादक प्रो. संजीव भनावत एवं भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एंड मैनेजमेंट, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. एमएन होडा आयोजन का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित लिंक के माध्यम से वेबिनार में जुड़ सकते हैं तथा शोधार्थियों के लिए विशेष युवा शोधार्थी सत्र का भी आयोजन किया जाएगा।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट, हर तरफ जंगलराज : डा. प्रमोद सिंह

### ○ मंत्री, विधायकों की संपत्तियों की जांच और खस्ता कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के विधायक, मंत्री और सत्ताधारी दल के नेता आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है। सरकारी धन और जनता के पाकेट पर खुलेआम लूट अब सरकारी नियम बन गया है। सरकार के जनविरोधी नीतियों से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को शहर के एक होटल में प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ उनकी संपत्तियों की जांच की मांग करने वाले भाजपाइयों, भाजपा के विधायकों और मंत्रियों के भी संपत्तियों की जांच होनी चाहिए। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है, सरकारी धन की लूट इस सरकार में फैशन बन गया है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय संघर्षशील और इमानदार व्यक्ति हैं उनकी स्वच्छ और इमानदार छवि तथा उनकी बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा के लोग डरे हुए हैं। पेपर लीक, डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और मंहगाई और प्रदेश में प्रतिदिन हो रही हत्या, बलात्कार की घटनाओं से ध्यान भटकाने के लिए अजय राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उत्तर प्रदेश में बहन बेटियों और महिलाओं की आबरू सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस नेता डा.प्रमोद कुमार सिंह ने मांग करते हुए कहा कि ईडी, सीबीआई को भाजपा नेताओं की जांच करनी चाहिए ताकी जनता को पता चल सके कि इनकी संपत्तियों में कितनी बढ़ोत्तरी हुई है और सरकार के लोगों ने जनता के धन को लूटकर कितनी संपत्तियां बनाई है। प्रेस वार्ता मुख्य रूप से संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा, लाल प्रकाश पाल, शहनवाज मंजूर,अनिल सोनकर, इरशाद खान राजू, इकबाल हुसैन, दिवाकर मौर्या, परवेज अहमद, मुहम्मद ताहिर, तौफीक अहमद, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जान से मारने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**तेजीबाज़ार।** क्षेत्र के भुतहा गांव निवासी विशाल विश्वकर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए चार लोगों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सरेन्द्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर निरज, अवनीश, निखिल और प्रियान्शू तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## शैक्षणिक सफलता केवल एक डिग्री नहीं, मेहनत और समर्पण का प्रतिफल

### सिडनी में पुत्री अंशिता सिंह के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए विधायक



अपनी बेटी के साथ विधायक रमेश सिंह।

**जौनपुर।** विधायक रमेश सिंह अपनी छोटी पुत्री अंशिता सिंह के ऑस्ट्रेलिया के खूबसूरत शहर सिडनी में बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की शिक्षा पूर्ण होने पर आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उनके साथ पत्नी एवं पुत्र भी सम्मिलित होकर इस गौरवपूर्ण पल को साझा किये। इस अवसर पर विधायक रमेश सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए जीवन के सबसे भावुक, गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षणों में से एक है।

उन्होंने कहा कि जब माता-पिता अपनी संतान को संघर्ष, परिश्रम, अनुशासन और सपनों की ऊंची उड़ान के साथ सफलता के मुकाम तक पहुंचते हुए देखते हैं, तब उस भाव को शब्दों में व्यक्त कर पाना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, संस्कारों, विश्वास और समर्पण का सुंदर प्रतिफल है। विधायक ने कहा कि उन्हें अपनी पुत्री अंशिता सिंह की इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि अंशिता जीवन में निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त करे तथा अपने परिवार, समाज और देश का नाम सदैव रोशन करती रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, संस्कारित और सफल बनाती है। युवा पीढ़ी को बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने भी अंशिता सिंह को उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं असीम सफलताओं की शुभकामनाएँ दीं।

## जागरुकता एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पेनेसिया वेलफेयर एजुकेशनल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई को को मधुमेह एवं हृदयाघात मुक्त भारत के सम्बन्ध में जागरुकता एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर के मीटिंग हाल में किया गया। उक्त शिविर में पेनेसिया वेलफेयर एजुकेशनल सोसायटी वाराणसी के डा. आशुतोष मिश्रा व डा. पल्लवी मिश्रा तथा पेनेसिया हास्पिटल वाराणसी के मेडिकल स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया। डा. आशुतोष मिश्रा द्वारा मधुमेह के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये दैनिक दिनचर्या में परिवर्तन कर किस प्रकार मधुमेह सम्बन्धित बीमारी पर रोक लगायी जा सकती है इसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। डा. पल्लवी मिश्रा द्वारा यह बताया गया कि आजकल के खानपान की वजह से कोलेस्ट्राल को बढ़ावा मिल रहा है जिससे हृदयाघात की समस्या बढ़ती जा रही है। उक्त बीमारी अब युवाओं में भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

उनके द्वारा हृदयाघात की रोकथाम के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सुशील कुमार शशि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुशील कुमार सिंह सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रीति श्रीवास्तव प्रधान न्यायाधीश, अनिल कुमार यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, रणजीत कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, सुरेन्द्र प्रताप यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं सुबाषचन्द्र यादव बार अध्यक्ष, रण बहादुर यादव एवं समस्त अधिवक्तागण, पीएलवीगण एवं वादकारी आदि ने उपस्थित रहकर इस अवसर का लाभ उठायें। मेडिकल कैम्प में 100 से अधिक व्यक्तियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## ट्रेन से कटकर दो की मौत

**चन्दवक।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़ार गांव के पास एक बुजुर्ग महिला व दुधौड़ा (पतरही) में एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार जौनपुर और औड़िहार रेल प्रखंड पर मड़ार गांव के पास समय करीब 6 बजे स्थानीय निवासी, रामराजी जो बकरी चरा रही थी। मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना दूधौड़ा में घटित हुई समय करीब बारह बजे रात की बताई जा रही है। एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परंतु अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि वह व्यक्ति कौन है और कहां का रहने वाला है। दोनों लाशों कों चन्दवक पुलिस भेजकर अग्रिम कार्रवाई में व्यस्त रही।

## कवि सम्मेलन में गूंजी राष्ट्रभक्ति और हास्य की स्वर लहरियां

**शाहगंज।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था संस्कार भारती शाहगंज के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन गुरुवार देर रात तक उत्साहपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे कवियों एवं कवियित्रियों ने ओज, हास्य, व्यंग्य, गीत, गजल एवं श्रृंगार रस से सराबोर रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक समा बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ भुवनेश्वर मोदनवाल एवं आनंद प्रेमी के ध्येय गीत व शंखनाद से हुआ, जिसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अधक्ष गीता प्रदीप जायसवाल, काशी प्रांत महामंत्री सुजीत श्रीवास्तव, शिव व्रत चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक शशांक सिंह, संगरक्षक अरविन्द अग्रहरी, दिनेश मोदनवाल, दिलीप एवं हनुमान प्रसाद मत्वपूर्ण रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, साहित्य और सामाजिक समरसता के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री वीरेंद्र यादव ने किया। संस्था अध्यक्ष रचित चौरसिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण बरनवाल, कार्यक्रम संयोजक सतीश यादव 'बड़ेलाल', आनंद मोदनवाल, राजकुमार कसेरा, मुकेश जायसवाल, सुनील सुद्धू, नीरज मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अमित जायसवाल, सिम्पू, सुशील सेठ, अजेंद्र, अग्रहरि,श्रावणअग्रहरि, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, प्रेस क्लब शाहगंज के अध्यक्ष चंदन कुमार जायसवाल, पत्रकार राजकुमार अस्क, संदीप जयसवाल, कालीचरण, सर्वेश चौरसिया, दिवाकर मिश्रा, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह (पत्रकार), हर्ष अग्रहरी, नीतू मिश्रा, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद शाहगंज तहसील अध्यक्ष पंकज जयसवाल, नीलम अग्रहरी, कुसुम, पूनम, सीमा जायसवाल, अल्का गुप्ता एवं अर्चना सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं कवियों का आभार व्यक्त किया।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जौनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर महिला ने फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के बस्ती केवटली गांव निवासी नीतू यादव उम्र लगभग 26 वर्ष पत्नी रोहित यादव गुरुवार रात्रि लगभग 11:00 बजे घर के अंदर कपड़े के सहारे फांसी का फंदा लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों मौत को गले लगा लिया। हालांकि परिजन को जानकारी हुई तो पुलिस सूचना दी गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

## दूल्हा हत्याकांड की एफआईआर पर उठ रहे सवाल

**जौनपुर।** जिले के बहुचर्चित दुल्हा हत्याकांड में खेतासराय पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। पुलिस की कहानी जितनी सनसनीखेज दिखाई दे रही है, उतने ही गंभीर सवाल उसकी कार्यशैली और कार्रवाई पर खड़े हो रहे हैं। जिलेभर में चर्चा है कि आखिर भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद तीनों नामजद आरोपी पुलिस को चकमा देकर कैसे फरार हो गए और यदि पुलिस को पहले से इतनी सटीक सूचना थी तो फिर गिरफ्तारी क्यों नहीं हो सकी।

तीन मई को सुबह थानाध्यक्ष खेतासराय द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, दुल्हा हत्याकांड के मुख्य आरोपी प्रदीप विंद, रवि यादव और भोले राजभर सोगर गांव के कब्रिस्तान में अपने शरणदाताओं के साथ छिपे हुए थे। पुलिस का दावा है कि मुखबिर की सूचना पर खेतासराय पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और दबिश दी। लेकिन जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी, आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी और रात का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस मौके से आठ लोगों रंजीत बिंद, आदित्य, कमलेश यादव, गुलशन राजभर, शाहिल सचिन, शोले राजभर और बृज मोहन को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है, जिन्हें आरोपियों का मददगार बताया गया है। एफआईआर में दर्ज घटनाक्रम को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि आरोपियों के साथ उनके शरणदाता मौजूद थे और पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया, तो फिर मुख्य आरोपी पुलिस के घेरे को तोड़कर कैसे निकल गए क्या पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं था। क्या दबिश की रणनीति कमजोर थी या फिर कहीं न कहीं लापरवाही हुई। यहीं से पुलिस की पूरी कहानी पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोगों और कानूनी जानकारों के बीच चर्चा है कि यदि पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी की थी तो आखिर मुख्य आरोपी भाग कैसे निकले क्या पुलिस की घेराबंदी सिर्फ कागजों तक सीमित थी यदि आरोपियों ने वास्तव में पुलिस पर फायरिंग की तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्हें रोकने की ठोस कोशिश क्यों नहीं की। कई लोग इसे पुलिस की बड़ी नाकामी मान रहे हैं। क्योंकि जिस मामले ने पूरे जिले को झकझोर दिया हो, जिसमें दूल्हे की बारात के दौरान हत्या हुई हो, उस केस के मुख्य आरोपियों का पुलिस के सामने से फरार हो जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। चर्चाएं इस बात की भी हो रही हैं कि क्या पुलिस अपनी विफलता को छिपाने के लिए अब कब्रिस्तान कनेक्शन और फायरिंग जैसी कहानी के जरिए कार्रवाई को बड़ा दिखाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि एक मई 2026 को खेतासराय थाना क्षेत्र में बारात लेकर जा रहे दूल्हे आजाद बिंद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी थी। पुलिस पर तत्काल खुलासे और गिरफ्तारी का दबाव था। इसी बीच पुलिस ने एक लाख के इनामी रवि यादव को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया, लेकिन अब भी कई मुख्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

अब सवाल सिर्फ आरोपियों की तलाश का नहीं रह गया है, बल्कि पुलिस की कार्रवाई की विश्वसनीयता भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। जिले में लोग पूछ रहे हैं कि आखिर सच क्या है-क्या वास्तव में आरोपी पुलिस पर फायरिंग कर भाग निकले या फिर पूरी कहानी में कुछ ऐसा है जिसे पुलिस सार्वजनिक नहीं करना चाहती। फिलहाल दुल्हा हत्याकांड की यह एफआईआर कानून से ज्यादा चर्चा और संदेह का विषय बन चुकी है। आने वाले दिनों में पुलिस की अगली कार्रवाई और जांच ही तय करेगी कि यह कहानी पूरी तरह सच है या फिर इसमें कई अनसुलझे सवाल अभी बाकी हैं।

## अपनी मूल भावनाओं से दूर होती दिखाई दे रही है हिंदी पत्रकारिता

**बरैछामोड़।** 30 मई को मनाया जाने वाला हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सजग प्रहरी हिंदी पत्रकारिता के आत्ममंथन का भी दिन है। हिंदी पत्रकारिता से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह संपादक हो, संवाददाता हो अथवा ग्रामीण स्तर का पत्रकार, उसका दायित्व समाज के प्रति निष्पक्षता, सत्यता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है। एक समय था जब लोग अपनी भाषा एवं वर्तनी की गलतियों को समाचार पत्रों को पढ़कर सुधारते थे। हिंदी समाचार पत्र समाज को दिशा देने का कार्य करते थे। समाचारों की भाषा, शीर्षक, तथ्यों की शुद्धता तथा संपादन की गुणवत्ता ही पत्रकारिता की पहचान मानी जाती थी। किंतु वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के तीव्र विस्तार के बाद हिंदी पत्रकारिता अपनी मूल भावना से दूर होती दिखाई दे रही है।

आज बड़े से बड़े समाचार पत्रों में भी भाषा की अशुद्धियां, वर्तनी संबंधी त्रुटियां तथा तथ्यों की अनदेखी आम बात हो गई है। पहले पत्रकारिता समाज के दर्पण के रूप में देखी जाती थी, जबकि आज कई स्थानों पर यह व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती जा रही है। पत्रकारिता के संबंध में कहा गया है- हमें रोक सके जमाने में दम नहीं, हमसे जमाना है, जमाने से हम नहीं। हिंदी भाषा और हिंदी पत्रकारिता की महत्ता को भारतेंदु हरिश्चंद्र ने भी अपनी प्रसिद्ध पंक्तियों में स्पष्ट किया था- निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल। दुर्भाग्यवश जब से हिंदी पत्रकारिता में धनबल और बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है, तब से इसकी गरिमा प्रभावित हुई है। कई संस्थानों में पत्रकारिता का उद्देश्य समाज सेवा से अधिक आर्थिक लाभ तक सीमित होता जा रहा है। यही कारण है कि आज प्रिंट मीडिया अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हिंदी पत्रकारिता ने समय रहते आत्मसुधार नहीं किया तो आने वाले समय में केवल कागजी अस्तित्व भर शेष रह जाएगा और अनेक हिंदी मुद्रण संस्थानों को बंद होने की नौबत आ सकती है। ऐसे में पत्रकारों को भाषा की शुद्धता, तथ्यों की विश्वसनीयता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पुन: प्राथमिकता देनी होगी। हिंदी पत्रकारिता की असली ताकत ग्रामीण पत्रकारिता में निहित है। गांवों और कस्बों के पत्रकार ही समाज की जमीनी समस्याओं को सामने लाते हैं, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा उनकी लगातार उपेक्षा किए जाने का प्रभाव सीधे हिंदी पत्रकारिता पर पड़ रहा है। जौनपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक तरुण मित्र को कभी पत्रकारिता की प्रथम पाठशाला माना जाता था।

इसके संपादक स्वर्गीय कैलाश नाथ के निधन के बाद पत्रकारिता की वह परंपरा भी कमजोर होती दिखाई दे रही है। इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया हिंदी पत्रकारिता के सहायक अवश्य हो सकते हैं, लेकिन वे हिंदी प्रिंट मीडिया का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकते। इसलिए समय की मांग है कि हिंदी पत्रकारिता अपनी विश्वसनीयता, भाषा की गरिमा और सामाजिक दायित्वों को पुन: स्थापित करे, तभी लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ और अधिक मजबूत बन सकेगा।

## नवोदय विद्यालय में चयनित हुआ युवराज

**खुटहन।** ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सूर्यमणि चिल्ड्रन एकेडमी के मेधावी छात्र युवराज कुमार ने नवोदय विद्यालय की कक्षा-9 प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। युवराज के पिता सुरेश खेतीबाड़ी करते हैं। चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की सफलता का श्रेय उसकी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हासिल करना अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय परिवार ने युवराज कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# तेज गति से कार्य कराकर पर्यटन विकास परियोजनाओं के कार्य कराएं पूर्ण : जिलाधिकारी

## पर्यटन विकास परियोजनाओं की धीमी गति पर डीएम ने ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने के दिए निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की अध्यक्षता में जनपद में पर्यटन विकास से संबंधित परियोजनाओं एवं पर्यटक सुविधाओं के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें पर्यटन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कतिपय पर्यटन विकास की परियोजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए तेज गति से कार्य कराकर शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कुंवार में काली मंदिर का पर्यटन विकास, भैरव नाथ तालाब का पर्यटन विकास, करखियाव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित पर्यटन विकास, विधानसभा अजगरा के अंतर्गत शिव मंदिर का पर्यटन विकास, क्रमेदेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास, माधोपुर स्थित शुलटकेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास आदि कार्यों में हो रहे विलंब पर सख्त निर्देश दिया कि ऐसी सभी लंबित परियोजना, जिसमें अनावश्यक रूप से विलम्ब हुआ है अथवा हो रहा है संबंधित ठीकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी लगाई जाय। जिलाधिकारी ने लमही स्थित मुंशी प्रेमचंद के आवास को संग्रहालय के रूप में विकसित किये जाने के कार्य में आ रहे कतिपय बाधाओं का अविलंब निराकरण कराकर अपेक्षित कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने गंगा घाटों के पुनर्विकास एवं अस्सी घाट के जीर्णोद्धार कार्य को त्वरित गति से कराए जाने के निर्देश दिए। सारनाथ पर्यटक आवास गृह एवं परेड कोठी स्थित टूरिस्ट बंगलो में पर्यटकों की सुविधाओं के दृष्टिगत कराए जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सारनाथ स्थित धमेख स्तूप पर लाइट एंड शो के कार्य को शीघ्रता से कराने के साथ ही पर्यटकों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कपिल धारा मंदिर, गुरुधाम मंदिर, नागा बाबा मंदिर, नमो घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु पीए सिस्टम एवं स्टेज लाइट का कार्य सहित पर्यटन विकास के अन्य परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित पर्यटन से संबंधित विभिन्न संगठनों ने ई-रिक्शा/टोटो के व्यवस्थित संचालन, गंगा में नावों का व्यवस्थित संचालन एवं प्रमुख स्थलों पर किराये के डिस्प्ले लगाये जाने की बात रखी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार समुचित कार्यवाही किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गंगा घाटों पर मादक पदार्थों के सेवन आदि पर प्रतिबंध हेतु सूचना डिस्प्ले बोर्ड आदि लगाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पड़ रहे भीषण गर्मी के दृष्टिगत जगह-जगह पर पर्यटकों के हित वेव से बचाव हेतु वाटर एटीएम, वाटर कूलर, धूप से बचने हेतु शेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश दिये। काशी नागरी प्रचारिणी सभा की प्रकाशित नागरी पत्रिका के व्यवस्थित वितरण सुनिश्चित कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार सिंह, यूपी पीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पर्यटन से संबंधित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार पर्यटन संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए

# नालों की सफाई के लिए 15 जून तक की डेडलाइन तय, आगामी एक तारीख से चलेगा महा अभियान

## महापौर ने की समीक्षा, बोले-किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम ने शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में शहर के सभी छोटे-बड़े नालों और सीवर लाइनों की सफाई का कार्य अब और अधिक गति पकड़ चुका है। वहीं निगम ने 15 जून तक सभी प्रमुख नालों और सीवर लाइनों की सफाई हर हाल में पूरा करने का सख्त लक्ष्य निर्धारित किया है। सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी के सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक करते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक जून से एक विशेष महा अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ढाई करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई अत्याधुनिक सुपर साकर मशीन को बड़े नालों की सफाई के लिए तुरंत मैदान में उतारा जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नालों के साथ-साथ जेटिंग मशीनों के माध्यम से सीवर लाइनों की भी सघन सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, रामनगर और सुजाबाद सहित कुल 22 वार्डों में सीवर और पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्यों को जून के प्रथम सप्ताह से शुरू करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह, जल निगम के अधीक्षण अभियंता, प्रोजेक्ट मैनेजर कमल सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



महापौर अशोक कुमार तिवारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल भी रहे मौजूद

# अर्थशास्त्र विभाग में दीक्षात्सव के क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा शुक्रवार को एम.ए. अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ओर से दीक्षात्सव 2026 के क्रम में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा का विकास, सांस्कृतिक अभिरुचि को प्रोत्साहन तथा सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकसित भारत की थीम पर आधारित चार्ट पेपर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, कविता पाठ, भाषण, गीत प्रस्तुति तथा बांसुरी वादन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो रेखा संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय ने विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कौशल की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि प्रो अमिता सिंह ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम संयोजक प्रो अंकिता गुप्ता, सहसंयोजक प्रो पारस नाथ मौर्य, समन्वयक प्रो राकेश कुमार तिवारी, सह समन्वयक डॉ. उर्जस्विता सिंह रही।इस अवसर पर प्रो अंकिता गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विभाग के इश, नीशू कुमारी, वर्षीका,नंदिनी,श्वेता, जाग्रति, अनमोल जायसवाल,वारिश अली, पूजा यादव, निकिता कुमारी, निशिता कुमारी, करीना राय, शिवानी शर्मा, खुशी पाण्डेय, श्वेता सिंह, प्रशांत कुमार मिश्रा, मनीष विश्वकर्मा, अश्वनी भारती, अंजली गुप्ता, मुस्कान चौहान, राशि पाण्डेय, तनु प्रिय गुप्ता, काजल वर्मा, संजना सिंह, ऋषिका माडनवाल आदि मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में मौजूद विभागाध्यक्ष प्रो अंकिता सिंह, डॉ. उर्जस्विता सिंह सहित तमाम छात्र-छात्राएं

# देश की प्रगति के लिए आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता : प्रो आनन्द कुमार त्यागी

## काशी विद्यापीठ में एमओयू संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित, पांच एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, चांदपुर के साथ हुए एमओयू के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय स्थित समिति कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। कुलपति ने कहा कि आने वाले वर्षों में देश की प्रगति युवाओं के सबल हाथों में है।

अत: आवश्यकता है कि हम स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ आगे बढ़ें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नौकरी करने वाले न बनकर नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रेरित किया। प्रो. त्यागी ने उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं एवं संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा और उद्योग के बीच सहभागिता से युवाओं के लिए नए अवसर विकसित होंगे तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मजबूती मिलेगी।मुख्य वक्ता रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा एवं स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, चांदपुर के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने अपने उद्बोधन में वर्तमान बाजार संरचना को समझ कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

डीन आउटरीच प्रो संजय ने विश्व की वर्तमान आर्थिक अर्थव्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वियतनाम, कंबोडिया, लाओस, थाईलैंड आदि के युवा कौशल और नवाचार पर निरंतर कार्य कर रहे हैं, उनके कार्य घंटे 14 घंटे के करीब हैं हमें भी इसी निरंतरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस मौके पर सुरेंद्र सोनी, राकेश जयसवाल, अंजनी कुमार सिंह व नीरज पारिख ने अपना विचार व्यक्त किया। विषय प्रवर्तन व संयोजन विभागाध्यक्ष प्रो अंकिता गुप्ता, डॉ. उर्जस्विता सिंह ने किया। संचालन निशु व ईश एवं समन्वयन/धन्यवाद ज्ञापन प्रो राकेश कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय, प्रो. पारस नाथ मौर्य, वित्त अधिकारी हरी शंकर मिश्र, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो रेखा, कुलानुशासक प्रो के.के. सिंह, डॉ. जयशंकर प्रसाद सिंह, अन्नपूर्णा जूही, रिफत, सोनल, शिखा, अखिलेन्द्र, केतन, अंजय, अंशुमान, दीक्षा, प्रिया, ज्योति, श्वेता, आकांक्षा, श्वेता, पूजा, प्रशांत, शिवम, अश्विनी, मनीष आदि उपस्थित रहे।



एमओयू के दौरान मौजूद काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी, रजिस्ट्रार डॉ सुनीता पांडेय, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी व विश्वविद्यालय के प्राध्यापक गण

# वाराणसी जंक्शन पर किलाबंदी चेकिंग अभियान चला 126 बेटिकट यात्रियों से वसूला गया जुर्माना



वाराणसी जंक्शन पर किलाबंदी चेकिंग अभियान चलाकर बेटिकट यात्रियों से की गई वसूली

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी जंक्शन पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के आदेश पर शुक्रवार को किलाबन्दी चेकिंग प्रात: (8-16) बजे तक करायी गई। जिसमें कुल 126 बिना टिकट यात्री पकड़े गए और 91700/- का राजस्व वसूला गया। कुल (1+14) स्टाफ इस चेकिंग अभियान में शामिल रहे। मुख्य टिकट निरीक्षक(इंचार्ज) जनार्दन सिंह के साथ समीर जेड सुरीन, बी बी सिंह, टिकट निरीक्षक मुकेश कुमार, राजेश कुमार तिवारी, डी के त्रिपाठी, वरिष्ठ टिकट परीक्षक राजहंस सोनकर, पूजा चौबे, पूजा गुप्ता, मोहित सिन्हा, सूरज शर्मा, रवि वर्मा, यशपाल कुमार,सतीश कुमार एवं सिविल सार्जन के साथ आरपीएफ कांस्टेबल विनोद कुमार एवं अरविन्द कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# संगठन को नई ऊर्जा देगा नया नेतृत्व : मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा राम सकल पटेल को वाराणसी जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक समर्पित एवं संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राम सकल पटेल के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचेगी।इसके साथ ही युवा भाजपा नेता गौरव राठी ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा राम सकल पटेल को वाराणसी जिला का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी ने एक सक्रिय, कर्मठ एवं अनुभवी कार्यकर्ता को संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा तथा भाजपा की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी।

# मुठभेड़ में वांछित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर।** क्षेत्र के बहरीपुर गांव निवासी विनय कुमार सरोज उर्फ बिन्नी पुत्र दीना नाथ सरोज को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ बहरीपुर गांव के डीह बाबा मंदिर के आगे नत्थनपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है।। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके ऊपर जनपद जौनपुर से वाराणसी तक गैंगेस्टर सहित लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।और 6/5/2026 को त्रिलोचन डिंगुरपुर नहर पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में विनय कुमार सरोज उर्फ बिन्नी पुलिस को चकमा देकर बाइक लेकर भागने में सफल हो गया था ।और इसका साथी अंकित यादव उर्फ मोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी बहाउद्दीन पुर थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया था। तभी से पुलिस इसकी लगातार तालाश कर रही थी। अब जाकर यह पुलिस को मिला है। पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के साथ हेड कांस्टेबल चन्दन सिंह व कान्स्टेबल आलोक सिंह क्राईम टीम, कान्स्टेबल सूरज सिंह, कान्स्टेबल विकास चौरसिया और महिला कांस्टेबल उपासना सिंह रही।

# रघुवीर स्वायत्तशासी महाविद्यालय में शुरू हुआ मूल्यांकन कार्य

**जौनपुर।** रघुवीर स्वायत्तशासी महाविद्यालय थलोई भिखारीपुर कला में सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की भी शुरुआत हो गई है। ज्ञातव्य हो कि यह संस्थान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का एकमात्र ऑटोनॉमस कालेज है। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ0 अभिषेक मिश्रा ने बताया कि परीक्षा परिणाम को समयबद्ध तरीके से घोषित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जून के द्वितीय सप्ताह तक रिजल्ट घोषित कर दिए जायेंगे। इसी के साथ-साथ नए सत्र 2026-2027 में बीए, एमए, बीएड, बीकॉम, एवं बी सी ए पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है।

# एसडीएम के आदेश पर हुई पथर गड्डी को दबंगों ने उखाड़ा

**तरुणमित्र न्यूज**

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र के मजीठी गॉव में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के धारा 116 के अंतर्गत खाता संख्या 538 मे फाट का आदेश अक्टूबर 2025 में हुआ था। जिसके बाबत उपजिलाअधिकारी बदलापुर के लिखित आदेश पर 22 मई को राजस्व टीम गठित कर मौके पर दखलदिहानी का आदेश दिया गया। राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में पत्थर गड्डी हुई जिसे 28 मई को फोन पर धमकी देते हुए विनोद मिश्र आठ-दस की संख्या में पहुंचकर सरकारी पत्थर गड्डी को क्षतिग्रस्त कर दिए जहा उत्तर प्रदेश सरकार राजस्व के मामले मे सख्त है वही दबंगो द्वारा सरकारी पत्थर गड्डी तोड़ा गया देखना है इस पर शासन प्रशासन क्या कार्यवाही करती है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का सफल समापन

**जलालपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मछलीशहर द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में पूर्व सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर ने सरकार की योजनाएं एवं संगठन की भूमिका विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में संगठन और कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। समापन सत्र की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री एवं वर्ग प्रभारी शंकर गिरी ने की तथा संचालन डॉ. नृपेन्द्र सिंह ने किया। आभार ज्ञापन जिलाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह ने किया।

इसके पूर्व प्रशिक्षण वर्ग के पंचम सत्र में प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह एवं प्रदेश सह संयोजक आईटी विभाग अभिषेक तिवारी ने मीडिया प्रबंधन एवं सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं सरल ऐप विषय पर मार्गदर्शन दिया। सत्र की अध्यक्षता मेहीलाल गौतम तथा कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन सिंह ने किया। षष्ठम सत्र में पूर्व मंत्री एवं विधायक सुरेश पासी ने मीडिया प्रबंधन एवं भाषण कला विषय पर अपने विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता भूमि विकास बैंक अध्यक्ष मड़ियाहूं डॉ. अजय सिंह तथा संचालन संतोष मिश्रा ने किया। सप्तम सत्र में क्षेत्र उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं व्यक्ति बोध विषय पर संबोधन दिया। सत्र की अध्यक्षता शिवशंकर गुप्ता तथा संचालन अनुपमा राय ने किया।

सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। द्वितीय दिवस का शुभारंभ योग शाखा द्वारा कराया गया। अष्टम सत्र में पूर्व क्षेत्र अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने कार्यपद्धति विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता अरविंद सिंह तथा संचालन अतुल कुमार पांडेय ने किया। नवम सत्र में क्षेत्र महामंत्री एवं जिला प्रभारी संतोष सिंह पटेल ने विचार परिवार विषय पर उद्बोधन दिया। अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामविलास पाल तथा संचालन रणविजय सिंह ने किया। दशम सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने हमारी चुनौतियां एवं निदान के हमारे प्रयास विषय पर विस्तार से चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता राजेश सिंह तथा संचालन केपी मिश्रा ने किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में आयोजित सभी सत्रों में संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, भाषण कला, कार्यकर्ता विकास, विचार परिवार, चुनौतियों एवं उनके समाधान तथा सरकार की योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक सत्र 45 मिनट का रहा तथा बीच-बीच में भोजन एवं अल्पाहार का अवकाश रखा गया। जिलाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध, संगठनात्मक रूप से दक्ष एवं सामाजिक रूप से अधिक सक्रिय बनाना था। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिले भर से आए पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर हंगामा, अस्पताल सीज

## एक दिन के अंतराल पर प्रसव के दौरान दूसरी मौत, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

**मछलीशहर।** नगर स्थित जीवन रक्षा हॉस्पिटल में शुक्रवार को प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा अस्पताल को सीज कर जांच शुरू कर दी गई।

बताया जाता है कि एक दिन के अंतराल पर प्रसव के दौरान मौत की यह दूसरी घटना है। शुक्रवार सुबह सुजानगंज थाना क्षेत्र के बेरमाव निवासी विनोद पटेल अपनी गर्भवती पत्नी अंजू (26) को प्रसव के लिए लेकर आए थे। वह अपनी ससुराल टटेहरा गांव से मिर्जापुर नहर के पास रहने वाली नर्स पुष्पा के संपर्क में पहुंचे। नर्स ने गर्भस्थ शिशु के उल्टा होने की बात बताई और उन्हें जीवन रक्षा हॉस्पिटल लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने पर सीजर ऑपरेशन के लिए सर्जन उपलब्ध नहीं मिला। आरोप है कि इसके बावजूद अस्पताल में सामान्य प्रसव कराने का प्रयास किया गया। गर्भस्थ शिशु की स्थिति उल्टी होने के कारण प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई।




अस्पताल के पास जुटी लोगों की भीड़।

बताया जा रहा है कि विवाह के छह वर्ष बाद दंपती को संतान सुख मिलने वाला था। नवजात की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ मौके से फरार मिले। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सीज कर दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों की नियमित जांच नहीं होने से आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**अस्पताल सीज, विधिक कार्रवाई जारी**

मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां मौजूद प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अस्पताल का स्टाफ मौके पर नहीं मिला। अस्पताल को सीज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**तहरीर के आधार पर दर्ज होगी प्राथमिकी**

मछलीशहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि महिला के पति विनोद पटेल की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी मुफ्तीगंज में मरीजों से अवैध वसूली का आरोप

## बाहर की जांच और महंगे इंजेक्शन से इलाज पर उठे सवाल

**तरुणमित्र न्यूज**

**मुफ्तीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज में तैनात चिकित्सक पर मरीजों से अवैध वसूली कराने तथा सरकारी जांच व्यवस्था पर भरोसा न कर बाहर की लैब से महंगी जांच कराने का आरोप है। मरीजों और स्थानीय लोगों ने चिकित्सक की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इलाज कराने आई मरीज किरण देवी ने बताया कि ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने पहले बाहर की लैब से लगभग 1200 रुपये की जांच करवाने के लिए कहा, उसके बाद ही इलाज शुरू किया गया। वहीं दूसरी मरीज बिंदू देवी ने आरोप लगाया कि गर्भ संबंधी समस्या को दिखाने के लिए अस्पताल पहुंची थीं, जहां चिकित्सक ने अपने साथ रहने वाले एक लड़के से 750 रुपये का इंजेक्शन मंगवाकर लगवाया। इंजेक्शन लगने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी तो शिकायत करने पर बाद में दूसरी दवा दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त चिकित्सक अपने साथ एक-दो बाहरी लड़कों को रखते हैं, जो मरीजों से सांठगांठ कर इलाज और दवाओं के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी लैब की व्यवस्था किए जाने के बावजूद मरीजों को बाहर की जांच और महंगी दवाओं के लिए मजबूर किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीएचसी में स्थापित सरकारी जांच सुविधाओं के बावजूद चिकित्सक बाहर की निजी लैब पर अधिक भरोसा जताते हैं, जिससे गरीब मरीज आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज के अधीक्षक डॉ. शशिकांत पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि मरीजों को बाहर से जांच के लिए मजबूर किया जा रहा है तो यह पूरी तरह गलत है। मैं तत्काल अधीक्षक से बात कर मामले की जानकारी लेता हूं।

**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
मु0नं0 2416 सन् 2025 ई0
रामभुवन बनाम शान्ती
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ता.पेशी-07.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- शान्ती देवी पत्नी श्यामनाथ, 2-श्यामनाथ पुत्र जमुना लाल सभी निवासीगण मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डारा, जिला वाराणसी, 3-ग्राम पंचायत मौजा ओदार, पर0 कोलअसला, तह0 पिण्डारा, जिला वाराणसी बजरिये वर्तमान ग्राम प्रधान।

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 07 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
वाद सं0 सन् 2025 ई0
शैलेन्द्र सिंह बनाम उमेश सिंह
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ता.पेशी-11.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- उमेश सिंह, 2-दिनेश सिंह पुत्रगण स्व0 हृदय नरायन- प्रतिवादी सेट नं0 1, 3-माता प्रसाद सिंह, 4-रमेश कुमार सिंह- प्रतिवादी सेट नं0 2, सभी निवासीगण मौजा खटौरा, परगना कोलअसला, तह0 पिण्डारा, जिला वाराणसी, 5- ग्राम पंचायत भरथरा बजरिये ग्राम प्रधान खटौरा, परगना कोलअसला, तह0 पिण्डारा, जिला वाराणसी-प्रतिवादी सेट नं0 3

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
मु0नं0 सन् 2025 ई0
श्रीमती बीना मिश्रा बनाम नन्दलाल
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ता.पेशी-11.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- नन्दलाल, 2-राजेन्द्र, 3-सूर्यभान पुत्रगण स्व0 राममूरत सभी निवासीगण मौजा भगवानपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 4-शकुन्तला देवी पत्नी सूरेश पाल निवासिनी मौजा भगवानपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 5-उ0प्र0 सरकार राष्ट्रीय मार्ग खण्ड-1 लो0नि0वि0, 6- ग्राम पंचायत भगवानपुर जरिये ग्राम प्रधान निवासी ग्राम भगवानपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी।

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
वाद सं0 सन् 2026 ई0
आस्था रियल्टी होम्स प्रा0लि0 के द्वारा दिनेश सिंह बनाम गुरु प्रसाद
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ता.पेशी-08.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- गुरु प्रसाद, 2-गोविन्द, 3-शिवशंकर पुत्रगण स्व0 लालता निवासी ग्राम दासेपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 4-बच्चन प्रसाद, 5-मन्नू लाल पुत्रगण स्व0 बेचू निवासी ग्राम दासेपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 6-माधुरीलता पत्नी सुग्रीव मौजा जमालपुर, तहसील सदर, जिला जौनपुर, 7-सुगन्ध राज, 8-कृष्णकान्त, 9-बालकृष्ण, 10- संजय पुत्रगण स्व0 रामजीत, 11-आकाश मौर्य पुत्र विजय कुमार मौर्य, निवासी ग्राम दासेपुर, पर0 अठगॉवा, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी।

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 08 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
मु0नं0 सन् 2026 ई0
हरी बनाम सहादुर
धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
ता.पेशी-30.05.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- सहादुर, 2-कैलाश, 3-भगवान दास, 4-रामदास पुत्रगण स्व0 रामसूरत सभी निवासीगण मौजा पौनी, परगना व तह0 केराकत, जिला जौनपुर- प्रतिवादी सेट नं0 1, 5-अमरनाथ यादव पुत्र स्व0 जयमूरत निवासी मौजा पौनी, परगना व तह0 केराकत, जिला जौनपुर, 6- मूरता देवी विधवा स्व0 जयमूरत निवासिनी मौजा पौनी, पतिराजपुर, पर0 व तह0 केराकत, जिला जौनपुर- प्रतिवादी सेट नं0 2, 7-पॉचू पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासी मौजा पौनी, परगना व तह0 केराकत, जिला जौनपुर- प्रतिवादी सेट नं0 3, 8-सांचू पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासी मौजा पौनी, परगना व तह0 केराकत, जिला जौनपुर- प्रतिवादी सेट नं0 4, 9-ग्राम पंचायत ऊदपुर, परगना कोलअसला, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी बजरिये ग्राम सभा अध्यक्ष ग्राम ऊदपुर- प्रतिवादी सेट नं0 5

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 30 माह 05 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

# मुख्यमंत्री ने मऊ को दी 392 करोड़ से अधिक की 114 विकास परियोजनाओं की महा-सौगात

- अपराध और अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सीधा यमराज करेंगे इंतजार
- माफिया/गुंडों के सामने नतमस्तक थी सपा-आदित्यनाथ योगी
- राज्य में त्योहारों और रामलीलाओं में खलल डालने वालों की 'रावण-कंस' जैसी दुर्गति तय-सीएम
- पहले यूपी का नाम सुन लोग पीछे हटते थे, आज यूपी देश के विकास का सबसे बड़ा रोल मॉडल बन चुका है




**अभिनय शरण/तरूणमित्र न्यूज**

**मधुबन (मऊ)।** मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने मधुबन के पांती रोड स्थित गांधी मैदान में शुक्रवार को लगभग 11 बजे पहुंच कर 392 करोड़ की लागत से 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्वांचल की विकास के लिए लगातार काम कर रही है खासकर मऊ जनपद को विकास की नई पहचान देने की कोशिश किया जा रहा है सरकार गरीब किसानों नौजवान के साथ महिलाओं को ठन के लिए प्रतिबद्ध है परियोजनाओं के पूरा होने से मऊ जिला का सामाजिक आर्थिक और वाणिज्यिक रूप से नई पहचान हासिल करेगा। अंतर्राज्यीय आवागमन सुगम होने से व्यापार व पर्यटक को रफ्तार मिलेगी।

इधर उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पहले की सरकार माफिया के सामने नतमस्तक हुआ करती थी। अराजकता का तांडव हुआ करता था । 2014 से 17 तक पूर्व की सरकार ने मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं करने दिया। गरीबों का आवास शौचालय नहीं बनने दिया। जब से हमारी सरकार बनी है तब से गरीबों का आवास शौचालय राशन जैसे तमाम सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा रही है पहले की सरकार माफिया के सामने नतमस्तक हुआ करती थी। अराजकता का तांडव था। और आज मैं कह सकता हूं कि किसी माफिया और गुंडे में इतनी दुस्साहस नहीं की किसी पर्व में व्यवधान पैदा कर सके। अगर कोई किसी रामलीला में किसी यज्ञ कथा में किसी धार्मिक आयोजन में व्यवधान डालता है तो उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी तय है। उन्होंने यहां तक कहा कि आज से लगभग 21 साल पहले मऊ को जलाने का कुत्सित प्रयास हुआ था। कैसे सत्ता के माफिया एक उत्सव भरे आस्था के केंद्र रामलीला आयोजन में व्यवधान पैदा करके निर्दोषों पर अत्याचार कर रहे थे। उस समय की सरकार माफिया के सामने नतमस्तक थी। मऊ की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव होता था। विकास के कार्य नहीं होते थे।

'परिवार अपने बेटी और व्यापारी अपने व्यापार को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे'

कभी भी अनहोनी हो जाता इस डर से व्यापारी सूर्यास्त के पहले दुकान बंद करने को मजबूर हुआ करते थे। सूर्यास्त के बाद घर का कोई सदस्य घर नहीं पहुंचा तो परिवार परेशान हो जाता था कि ना जाने उसके साथ क्या हो जाए। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थी। शोहदे परेशान किया करते थे। कभी भी अपहरण हो जाता। उस दंगा पूर्ण माहौल में, अराजकता से पूर्ण माहौल में पहचान का संकट युवाओं के सामने खड़ा था। प्रदेश में ना तो नौकरी। और ना ही दूसरे प्रदेश में जाने पर यूपी वालों को नौकरी मिलती थी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा की पहले गरीबों के लिए कुछ भी सुविधा नहीं थी आपने 2014 में देश की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथ में सौंपी थी।

उसके पहले भी अपने देश को देखा है और आज भी देश को देख रहे हैं मोदी जी कहते हैं हमारे लिए सिर्फ चार ही जातियां हैं एक जाति गरीब की एक युवा की एक नारी की और एक अन्नदाता किसान की अब आप ही याद करिए इन चारों में सब आ जाते हैं अगर इन चार का उत्थान हो जाए तो देश दौड़ने लग जाएगा मोदी जी दिल्ली में योजना बनाते थे लेकिन यूपी में 2014 से 17 तक समाजवादी पार्टी की सरकार ने प्रदेश में लागू नहीं होने दिया। सपा ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया सपा सरकार माफिया के सामने ना प्रगति थी उनके पसीने छूटते थे बोली नहीं निकलती थी। 'गरीबों का राशन' गरीबों का राशन गुंडी डकार जाते थे पूर्व की सरकार में गरीबों को राशन क्यों नहीं मिलता था आज देश की हर गरीब को उसके घर तक राशन पहुंचाया जाता है। आज प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को मुक्त स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है।जो हर किसान और गरीब को यह सुविधा मिलती रहेगी।

आगे उन्होंने कहा कि अब कोई धार्मिक आयोजन रोकेगा तो उसकी दुर्गति कंस और रावण जैसी होगी आज अगर बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो इंतजार केवल यमराज ही करेगा बाकी कोई नहीं। आज माफिया पिस्तौल लहराते हुए खुली जीप में चलकर किसी हिंदू को धमका नहीं सकता है।

इधर ओमप्रकाश राजभर ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चंदौली में सपा की महिला नेता को सपा के ही पांच नेता मिलकर महिला का बाल पकड़-पकड़कर पीटते हैं उस समय कहां गया था समाजवाद। इस दौरान कार्यक्रम में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, मधुबन विधानसभा से भाजपा विधायक रामविलास चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, एमएलसी विक्रांत सिंह 'रिशु', एमएलसी बिच्छेलाल राजभर, पूर्व विधायक विजय राजभर, आरती मल्ल चेयरमैन मधुबन सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वर्षा ऋतु के दौरान मत्स्य आखेट एवं मत्स्य बीज पकड़ने पर प्रतिबंध लागू

## 01 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य शिकार माही पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** सहायक निदेशक मत्स्य विनोद कुमार वर्मा ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनपद में वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नदियों एवं प्राकृतिक जल स्रोतों में मत्स्य आखेट तथा मत्स्य बीज पकड़ने पर प्रतिबंध लागू किया गया है। यह प्रतिबंध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 एवं उत्तर प्रदेश मत्स्य (विकास एवं नियंत्रण) नियमावली-1954 के प्रावधानों के अंतर्गत लगाया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार जनपद में प्रवाहित घाघरा नदी एवं उससे संबंधित नालों तथा अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में दिनांक 01 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य शिकारवाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इसके अतिरिक्त दिनांक 15 जुलाई से 31 अगस्त तक मत्स्य फ्राई एवं फिंगरलिंग आकार (02 से 10 सेमी.) के मत्स्य बीज पकड़ने, नष्ट करने एवं विक्रय करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन द्वारा बताया गया कि वर्षा ऋतु में रोहू, कतला, नैन सहित विभिन्न प्रजातियों की मछलियाँ प्रजनन करती हैं। ऐसे में उनके संरक्षण एवं मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान नदियों एवं प्राकृतिक जल स्रोतों में मत्स्य आखेट की निगरानी एवं चेकिंग हेतु मत्स्य विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि में मत्स्य आखेट अथवा मत्स्य बीज के अवैध शिकार एवं विक्रय से दूर रहें। नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 के तहत विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम योगी ने सपा सरकार पर साधा निशाना

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मधुबन नगर पंचायत के पांती रोड स्थित गांधी मैदान में सीएम योगी में शुक्रवार को करीब 130 करोड़ 17 लाख 62 हजार रुपये की लागत वाली 49 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार में हर गरीब के लिए पानी व सरकारी खाद्यान्न है। किसी माफिया की हिम्मत नहीं कि किसी धार्मिक आयोजन में व्यवधान डाल दे।

अगर व्यवधान डालेगा तो रावण व कंस जैसी स्थिति होगी। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले का फैसला यमराज करेगा। आगे योगी ने कहा कि विकास का पैसा विकास में लग रहा है तब यह विकास दिख रहा है। सीएम ने कहा कि गरीब का पैसा गरीब के पास जा रहा है। अन्नदाता किसान के लिए सरकार के पास कई योजनाएं हैं। उसी को लागू करने के लिए हम मधुबन आए हैं। जनता ने डबल इंजन की सरकार को जीताने में योगदान दिया है, इसी से विकास होता है। देवस्थान का उत्थान होता है तो अयोध्या में राम मंदिर बनता है। आपका एक वोट काशी विश्वनाथ में धाम बना देता है। माफिया मुक्त प्रदेश बना देता है। विकास की यात्रा अनवरत चलनी चाहिए।

## संक्षिप्त सामाचार

### *वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु आयु सत्यापन प्रक्रिया में आंशिक संशोधन*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र स्वीकृति एवं वितरण की इंटरनेट आधारित प्रणाली से संबंधित शासनादेश में नगरीय क्षेत्रों हेतु आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय/नगरीय क्षेत्रों में निवासरत ऐसे वृद्धजन, जिनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तथा परिवारध्कुटुंब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है, उनकी आयु सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त अभिलेखों को मान्यता प्रदान की गई है। अब दिनांक 12 मार्च 2026 में निर्धारित अभिलेखों के अतिरिक्त राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट एवं पैन कार्ड को भी आयु सत्यापन हेतु मान्य अभिलेख के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके लिए संबंधित आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा कि उनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण-पत्र एवं परिवारध्कुटुंब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है।*

*जिला प्रशासन ने जनपद के समस्त नगरीय क्षेत्रों में निवासरत पात्र वृद्धजनों से अपील की है कि वे अपने निकटतम जनसेवा केंद्र पर संपर्क कर उपरोक्त अभिलेख अपलोड कराएं, ताकि वृद्धावस्था पेंशन की धनराशि का भुगतान शासन द्वारा सुचारु रूप से किया जा सके।*

### *कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने की प्रेस वार्ता*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के क्रम में शुक्रवार को मऊ जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।*

*भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगा आंदोलन- राजमंगल यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के साफ आदेश हैं कि जनता के पैसों की लूट और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति की जांच को लेकर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर व्यापक जन-आंदोलन छेड़ेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के चेयरमैन और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्घाटन कर सीएम ने सैनिकों और आम जनता को किया समर्पित

- ताजोपुर सैनिक हॉस्पिटल बनेगा क्रिटिकल केयर का बड़ा केंद्रः योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को दिया 'सहानुभूति और सेवाभाव' का मंत्र



- रिमोट दबाकर हास्पिटल का उद्घाटन करते सीएम साथ में ब्रिगेडियर पुत्र संग ब्रिगेडियर डा.पीएन सिंह।
- मुख्यमंत्री को मोमेंटों देकर बिग्रेडियर पुत्र संग सम्मानित करते बिग्रेडियर डा.पीएन सिंह।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद के ताजोपुर स्थित 'ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल' का उद्घाटन करते हुए देश के वीर जवानों, भूतपूर्व सैनिकों और ग्रामीण जनता के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्यमंत्री जी ने अपने ओजस्वी और प्रभावशाली संबोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि जिन जांबाज सैनिकों ने अपनी जवानी और अपना सर्वस्व देश की सीमाओं की रक्षा में होम कर दिया, उनके और उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की सर्वोत्तम देखभाल करना राज्य सरकार का परम कर्तव्य है। यह अस्पताल इसी कर्तव्य और सम्मान का एक जीता-जागता प्रतीक है। समारोह में उपस्थित विशाल जनसमुदाय और सैन्य परिवारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्वस्थ भारत' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी प्रामाणिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब मऊ और पूरे पूर्वांचल के लोगों को एक सीटी स्कैन, बेहतर डायलिसिस या वेंटिलेटर सुविधा के लिए बनारस, लखनऊ या दिल्ली की दौड़ लगानी पड़ती थी।

उस समय गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का आधा पैसा सिर्फ आने-जाने और इलाज की व्यवस्था करने में ही खर्च हो जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा की भारत के वीर/माटी के सपूत ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल के संस्थापक सेवानिवृत्त बिग्रेडियर पी.एन. सिंह ने सेना में अपनी 33 साल की सेवा पूर्ण कर, आज ग्रामीण क्षेत्रवासियों के सेवाभाव के दृष्टिगत, स्वास्थ्य, नर्सिंग, आईटीआई जैसे तकनीकी शिक्षा को धरातल पर उतारकर मऊ के साथ आस पास के जिलों के शिक्षा को संजोकर कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है, इसके लिए मैं इन्हें बधाई देता हूँ। कहा कि पूर्व सरकारों की अपेक्षा वर्तमान भारत सरकार ने विकास के रास्ते खोले हैं, आज मऊ से 3 घंटे में लखनऊ, डेढ़ घंटे में वाराणसी पहुंचने का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। गरीबों के लिए इस तरह की सुविधाएं आज मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हमारी सरकार ने इस दर्द को समझा है। आज मऊ के ग्रामीण अंचल ताजोपुर में स्थापित यह सैनिक हॉस्पिटल अत्याधुनिक आईसीयू, आधुनिकतम सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे और लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस जैसी क्रिटिकल केयर सुविधाओं से लैस होकर तैयार है। अब पूर्वांचल के किसी भी भाई-बहन को इलाज के अभाव में दम नहीं तोड़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकारी हो या निजी, स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता का शोषण या दवाओं की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विश्वास व्यक्त किया कि 'ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल' मऊ और आस-पास के जिलों (जैसे आजमगढ़, बलिया, गाजीपुर) के चिकित्सा परिदृश्य में एक युगांतरकारी मील का पत्थर साबित होगा।

उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने स्वयं चिकित्सालय के विभिन्न वॉर्डों और तकनीकी इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी और भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

शुभ लग्न ऑफर



PRAK

शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास

मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स

ए.सी. शोरूम

त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी

हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।

कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।

रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680

# अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में अवैध खनन तथा अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



इस अभियान के अंतर्गत गुरुवार की शाम राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक जांच एवं कार्रवाई की गई। 26 से 29 मई के मध्य चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 10 ट्रेलर वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 4.50 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति की गई। इसके अतिरिक्त 5 ट्रैक्टर एवं 1 डम्फर को सीज करने की कार्यवाही भी की गई। खनन विभाग द्वारा की गई सतत कार्रवाई के परिणामस्वरूप माह मई 2026 में अब तक कुल 75 अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 31.77 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जनपदवासियों से अपील की गई है कि अवैध खनन अथवा अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# कल्पनाथ राय मेडिकल कालेज के उद्घाटन में शीघ्र आने का दिया आश्वासन

## शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर मनोज राय का सीएम ने की सराहना



मधुबनी संकुल स्तरीय संघ के नाम लगभग 50 लाख का चेक देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने ताजोपुर में ग्रामीण सैनिक अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, 'इस शैक्षिण संस्थान और अस्पताल के संस्थापक इसी माटी के सपूत और भारत के वीर सैनिक के रूप में जिन्होंने 35 वर्ष तक भारतीय सेना में रहकर अपने मूल्य सेवाएं देश को दी हैं ऐसे ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह जी हैं। आज मुझे मऊ में आने का अवसर मिला है जिस पर महादेव की कृपा थी। डॉ. पी.एन. सिंह ने सेना में देश की सुरक्षा के लिए और विभिन्न संस्थाओं में व्यापारी अनुभव के लिए और फिर उन सबका निचोड़ लेकर अपने गांव के माध्यम से अपने जनपद वासियों के सेवा करने के लिए इस ग्रामीण सैन्य अस्पताल के साथ आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज। ये सब गांव में स्थापित करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई प्रदान करने का कार्य किया है, इसके लिए डॉ. पी.एन. सिंह का हृदय से अभिनंदन करता हूं। ग्रामीण सैनिक अस्पताल के लोकार्पण के लिए इस पूरे संस्थान को बधाई देता हूं।

मधुबन नगर पंचायत के पांती रोड स्थित गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा कसारा में बनाए जा रहे मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने के लिए भी शीघ्र आएंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मनोज राय द्वारा जनपद ही नहीं अपीतु पूर्वांचल के लिये एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। लगातार श्री राय के प्रयास से स्वास्थ्य व शिक्षा में क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने मधुबन में एक जनसभा को संबोधित किया तथा कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कई सालों से अधूरे पड़े मोहन सेतु को भी शीघ्र बनवाने के लिए भी उन्होंने आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने घोसी चीनी मिल के विस्तारीकरण के लिए जनपद के जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगा। कहा कि जैसे ही प्रस्ताव मिल जाएगा, चीनी मिल के विस्तारी करण के लिए पैसा जारी हो जाएगा।

उन्होंने जनपद वासियों से भीषण गर्मी एवं लू से बचने हेतु आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकालने की सलाह दी तथा खूब पानी पीने को भी कहा इसके अलावा खराब मौसम में पक्के सुरक्षित स्थानों पर ही रहने को कहा।

रजि. नं. 49166 ( U.P. )

हिमानी हॉस्पिटल ADVANCE WOMEN CARE

हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)



डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली

डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली

डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)



सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी

सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन

पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002

परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC
& Pharmacy College

(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved

ADMISSION OPEN 2026-27

B. PHARMA AND D. PHARMA

Course Name
Bus Facility

Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering

Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# मनाया गया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

## छात्राओं और महिलाओं को वितरित हुआ सेनेटरी पैड

तरूणमित्र न्यूज

**बलिया।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष मंगला प्रसाद सिंह के निर्देशन के क्रम में कोषाध्यक्ष/ जिला समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में गुरुवार 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निधरिया स्थित राजकीय बालिका गृह में इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी बलिया एवं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग के रेड क्रॉस सोसाइटी से इंटर्नशिप कर रहे छात्र/छात्राओं द्वारा बालिका गृह की बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी गईं।



स्वच्छता दिवस कार्यक्रम को सबांधित करतीं वक्ता

कार्यक्रम में उपस्थित अधीक्षिका अमिता रानी जैन ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सुरक्षित सेनेटरी पैड के उपयोग से कई प्रकार के संक्रमण एवं बीमारियों से बचाव संभव है। वन स्टाप सेन्टर की काउंसलर पूजा सिंह ने बच्चियों को नियमित स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान इंटर्नशिप कर रहे छात्राओं ने बच्चियों को मासिक धर्म से जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों के बारे में भी जागरूक किया तथा स्वच्छता अपनाने का सुझाव दिया। इस दौरान जननायक चंद्रशेखर विश्विद्यालय समाजकार्य से इंटर्नशिप कर रहे छात्र अविनाश सिंह नंदन, नितेश पाठक, खुश्बू तिवारी, राधा पर्वत, रुचि वर्मा, गरिमा आदि लोग मौजूद रहे।

# वज्रपात के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोलहटा कमाल गांव में शुक्रवार की सुबह घर से खेत की तरफ शौच के लिए गये एक अधेड़ की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। उक्त गांव निवासी धर्मराज राजभर उम्र लगभग 50 वर्ष भोर में लगभग पांच बजे खेत की तरफ शौच के लिए गया उसी समय बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश शुरू हो गयी। वह घर की तरफ वापस लौट रहा था तभी वज्रपात की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। किसी ने देखा तो परिवार वालों को सूचित किया तो आनन-फानन स्वजन मौके की तरफ दौड़े और स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया । स्वजनों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास दो लड़के और दो लड़कियां हैं जो अभी अविवाहित हैं। घटना के बाद परिवार में करुणक्रन्दन से कोहराम मचा है।

# पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना रसड़ा पुलिस टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि वादी द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 22 मई को मेरी नाबालिक पुत्री को चन्दन गौड़ पुत्र मन्टू गौड़ निवासी ग्राम माधोपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया द्वारा बहला- फुसलाकर कही भगा ले गया है।

कई जगह खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला, इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित थी। इसी क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 रामलखन यादव मय हमराहियान के देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 187/26 धारा 137(2), 87,65(1) बीएनएस व धारा 3/4(2) पाक्सो एक्ट में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त चन्दन गौड़ पुत्र मन्टू गौड़ निवासी ग्राम माधोपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया उम्र 18 वर्ष को मन्दा मोड़ के पास से समय करीब 09.40 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।




पुलिस हिरासत में आरोपी युवक

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** थाना सिकन्दरपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मूलचन्द्र चौरसिया के नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 28 मई को उपनिरीक्षक रामसकल यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सिकन्दरपुर पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 121/2026 धारा 108 एवं 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम फलपुरा निवासी जय प्रकाश यादव उर्फ मोनू पुत्र छबिला यादव (उम्र 28 वर्ष) को उसके घर से हिरासत में ले लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद अभियुक्त का चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामसकल यादव, कांस्टेबल अंकित कुमार तथा कांस्टेबल रितेश यादव शामिल रहे।

## अगलगी में सामान जलकर हुआ राख

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** तहसील अंतर्गत नवानगर ब्लॉक के हरदिया जमीन हरदिया गांव में शुक्रवार सुबह एक घर में गैस सिलेंडर लीकेज के कारण आग लग गई। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और घर का हजारों का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह करीब 6:30 बजे घरेलू गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण कुमरिया पत्नी गणेश के घर में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से कपड़े, गहने, पलंग, बक्सा, गेहूं, चावल, चारपाई और 40,000 रुपये नकद जलकर खाक हो गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनका सब कुछ जलकर राख हो गया है और वे खाने के लिए भी मोहताज हो गए हैं।

# पहली बारिश में बहा विकास का दावा, जलमग्न हुआ बाजार

तरूणमित्र न्यूज

**बरदह।** मानसून की पहली बारिश ने बरदह बाजार की वर्षों पुरानी समस्या की एक बार फिर पोल खोल दी। हल्की बारिश होते ही सड़क के दोनों किनारों पर पानी जमा हो गया, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों की परेशानी भी बढ़ गई। गंदी नालियां बजबजाने लगीं और दुपहिया तथा पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि, जीवली से बरदह, ठेकमा होते हुए मोहम्मदपुर तक जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से जलनिकासी की समस्या से जूझ रहा है।

बारिश के मौसम में सड़क किनारे पानी भर जाना आम बात हो गई है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल सका है।गौरतलब है कि, पिछले वर्ष भी बरसात के दौरान बरदह बाजार की दुकानदारी बुरी तरह प्रभावित हुई थी। इतना ही नहीं, साल में एक बार लगने वाले दशहरे के मेले के दौरान हुई झमाझम बारिश ने पूरे मेले की रौनक फीकी कर दी थी। सड़क किनारे पानी भर जाने से दुकानदारों और मेले में आए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। समस्या से परेशान होकर पिछले वर्ष स्थानीय निवासी राजेश राय, विकास राय, अच्छेलाल, लालमन, बहादुर, सभाजीत यादव समेत कई लोगों ने हाईवे पर धान रोपकर शासन और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास भी किया था। उस समय लोगों ने जल्द समाधान का भरोसा मिलने की उम्मीद जताई थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। अब पहली ही बारिश के बाद फिर से जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जलनिकासी और सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पूरे बरसात के मौसम में बाजार, व्यापार और आवागमन पर इसका गंभीर असर पड़ेगा।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जल्द कार्रवाई कर स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरदह बाजार को हर साल होने वाली इस परेशानी से राहत मिल सके।

# किसानों को बताया खेती का तरीका

**गाजीपुर।** जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया है कि कृषक भाई बोआई से पूर्व खेतों की गहरी जोताई करे। इससे न केवल मिट्टी की संरचना में सुधार होता है, बल्कि उसकी जल धारण क्षमता भी बढ़ जाती है एवं कृषकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य करायें। कृषक भाई खेतों की लगातार सतही जोताई करने से जमीन के नीचे एक सख्त परत बन जाती है। यह परत पानी को नीचे जाने से रोकती है और पौधों की जड़ें भी गहराई तक नहीं फैल पातीं। गहरी जोताई वाले खेतों में पानी रोकने की क्षमता सामान्य से 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। हरी जोताई के कारण मिट्टी में वायु का संचार बढ़ा है, जिससे हानिकारक कीट और खरपतवार की जड़े तेज धूप में नष्ट हो गई हैं। इससे आगामी धान और मक्का की फसलों में कीटनाशकों का खर्च भी आधा होने की उम्मीद है। जो किसान पानी की कमी और गिरते भूजल स्तर से परेशान थे, उनके लिए यह विधि वरदार साबित हो रही है। विभाग अब आगामी सीजन में बड़े पैमाने पर किसानों को गहरी जोताई के लिए जागरूक करने का अभियान चला रहा है। खरीफ फसलों की बोआई से पहले भूमि शोधन करना बेहद आवश्यक है।

# इंटरशिप कार्यक्रम 6 जून से

**गाजीपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद गाजीपुर में संचालित विधि कॉलेज के छात्रों हेतु ग्रीष्मकालीन इण्टर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 06 जून से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा किया जा रहा है। इस इण्टर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत विधि छात्रों को विधिक सेवा अधिनियम के विषय में एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी दी जायेगी। नीरज गोंड, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि उक्त ग्रीष्मकालीन इण्टर्नशिप प्रोग्राम में विधि छात्र/छात्रायें जो कि 05 वर्षीय अथवा 03 वर्षीय एल0एल0बी0 व एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत है तथा ग्रीष्मकालीन इण्टर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने हेतु इच्छुक है, ऐसे विधि छात्र अपने आवेदन पत्र सम्बन्धित कालेज के विभागाध्यक्ष के अनुशंसा/नामांकन पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, गाजीपुर में 04 जून तक जमा कर सकते है। जनपद के विधि कालेज में 03 वर्षीय अथवा 05 वर्षीय एल0एल0बी0 व एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ग्रीष्मकालीन इण्टर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभ उठायें।

# नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**आजमगढ़।** जनपद के थाना कन्धरापुर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ने युवक को रेलवे में टीटी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे करीब 9 लाख 63 हजार 500 रुपये हड़प लिये थे। विश्वास दिलाने के लिए उसने फर्जी टीटी आईडी कार्ड भी तैयार कर दिया था। पुलिस के अनुसार, ग्राम इसहाकपुर निवासी जनार्दन यादव ने 7 मई 2026 को थाना कन्धरापुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पुत्र अमन को टीटी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक निवासी कमला नगर कॉलोनी, थाना लालपुर पाण्डेयपुर, वाराणसी ने कई किस्तों में कुल 9.63 लाख रुपये ले लिये। जब रुपये वापस मांगे गये तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। इस मामले में थाना कन्धरापुर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। गुरुवार को उ0नि0 प्रमोद कुमार मद्धेशिया मय पुलिस टीम ने आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक को भवरनाथ-वाराणसी हाईवे तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुए डीएम, दुर्घटना स्थलों की मांगी सूची

## प्रमुख चौराहों पर प्रतिदिन चलेगा वाहन चेकिंग अभियान

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, एंबुलेंस व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।




डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पिछले एक वर्ष में हुए सभी सड़क हादसों का विवरण तैयार किया जाए। जहां-जहां दुर्घटनाएं हुई हैं, उन स्थानों को चिन्हित कर जांच के बाद सूची एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। बोर्ड पर दुर्घटना स्थल का नाम और दुर्घटना के प्रमुख कारण भी अंकित किए जाएं। उन्होंने जिले की सभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) सड़कों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी बताया जाए कि किस सड़क पर कितनी एंबुलेंस संचालित हो रही हैं।

एंबुलेंस के वाहन नंबर की सूची भी उपलब्ध कराने को कहा गया। डीएम ने निर्देश दिया कि एनएच-31 सहित फेफना, माल्देपुर और अन्य स्थानों पर जहां एंबुलेंस खड़ी होती हैं, वहां सूचना बोर्ड लगाए जाएं। इन बोर्डों पर एंबुलेंस का नंबर, सीयूजी नंबर और चालक का नाम अनिवार्य रूप से लिखा जाए। उन्होंने कहा कि जिस हाईवे पर दुर्घटना होती है, वहां संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम भी बोर्ड पर अंकित होना चाहिए, ताकि समय पर घायलों को सहायता मिल सके। जिलाधिकारी ने आरटीओ को प्रतिदिन प्रमुख चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाने को कहा। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और दोपहिया वाहनों में हेलमेट की जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा परिवहन विभाग को विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित होर्डिंग लगाने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि हाईवे के प्रारंभिक बिंदुओं समेत जिले की सभी प्रमुख सड़कों पर जागरूकता होर्डिंग लगाए जाएं, ताकि लोगों को यातायात नियमों की जानकारी मिल सके और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। बैठक में एडीएम अनिल कुमार, आरटीओ अरुण कुमार राय एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रसड़ा में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, दो लोग हिरासत में

**रसड़ा (बलिया)।** थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 पंचमंदिर निवासी विश्वजीत सिंह पुत्र रणधीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना रसड़ा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस बलिया भेज दिया।

पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा जताए गए संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई, हालांकि मौके पर पुलिस की सतर्क निगरानी बनी हुई है और शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी रसड़ा श्री आलोक कुमार गुप्ता ने वीडियो बाइट जारी कर आवश्यक जानकारी दी है।

# खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

तरूणमित्र न्यूज

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा गांव के पास शाहगंज-आजमगढ़ मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर 11 हजार वोल्ट के विद्युत खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का खंभा तीन टुकड़ों में टूट गया।

हादसे में बाइक सवार राहुल कुमार पुत्र राजकुमार तथा अजय कुमार पुत्र महेंद्र कुमार निवासी मक्खापुर थाना अहिरौला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फरिहा चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्र अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया।

शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे चौकी प्रभारी ने बताया कि उपचार के दौरान राहुल कुमार की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल अजय कुमार का इलाज जारी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार फरिहा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। इन दुर्घटनाओं में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब दस लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्र द्वारा फरिहा चौराहे पर पुलिस लाइन आजमगढ़ से स्पीड ब्रेकर मंगवाकर लगवाया गया है, लेकिन इसके बावजूद हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है।

# वाद लंबित होने के वावजूद निर्माण का आरोप



**आज़मगढ़।** जनपद के तहसील निजामाबाद क्षेत्र के खुटिया गांव निवासी उमेश प्रताप ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके गाटा संख्या 151 की भूमि पर न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद विपक्षी जबरन निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने मामले में परिवार की सुरक्षा और अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की है। उमेश प्रताप पुत्र स्व. सीताराम ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उपजिलाधिकारी न्यायालय में मामला विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा वाद न्यायालय में विचाराधीन है, नियमानुसार नवैयत परिवर्तन रोका जाए का आदेश भी दिया गया है। इसके बावजूद पट्टीदार लक्षिराम, सत्यराम पुत्रगण रामराज निवासी खुटिया तथा अनिल यादव व धर्मेन्द्र यादव पुत्रगण शिवदास यादव निवासी चकबारी थाना निजामाबाद अन्य 10-15 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर कथित रूप से जबरन मकान निर्माण करा रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी लाठी-डंडा और असलहों से लैस होकर दबंगई के बल पर कब्जा कर रहे हैं। उसने बताया कि मामले की सूचना थाना तहबरपुर पुलिस को दी गई, लेकिन वहां भी सुनवाई नहीं हुई। उल्टा थानाध्यक्ष पर डांटकर भगा देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अवैध निर्माण तत्काल रुकवाया जाए तथा उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# हत्या का सफल अनावरण : अज्ञात महिला की हुई पहचान

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर मो0 उस्मान के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को मिली सफलता।




उल्लेखनीय है कि 24 मई को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शिवपुर दियर के पास 01 अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जा पुलिस में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया तथा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी की कार्यवाही में परिजनों द्वारा महिला के शव को परिजनों द्वारा शिनाख्त किया गया। परिजन द्वारा प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया गया कि मैं अपनी लड़की प्रीती की शादी वर्ष 06 मार्च में चुन्नीलाल प्रजापति पुत्र मुटुर प्रजापति निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0-13 थाना रेवती से की थी, इन लोगों द्वारा शादी के बाद से ही मेरी बेटी को दहेज के लिए मारा पीटा जाता था और पैसे के लालच में दिनांक-22.मई 2026 को बताया कि आपकी पुत्री कहीं चली गयी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-187/26 धारा 85,80(2), 238,3(5) बीएनएस व धारा 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में 28 मई को थाना कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 अरुण कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 विनोद कुमार सरोज मय हमराह थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 187/26 धारा 85,80(2), 238,3(5), बीएनएस व धारा 4 डीपी एक्ट में रेवती थाना क्षेत्र में आकर मामूर थें कि जरिये मुखबीर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण अभियुक्ता शोभा चौरसिया पुत्री स्व0 रामजी चौरसिया निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0-07 थाना रेवती उम्र 21 वर्ष को अभियुक्ता के घर पास से समय लगभग 17.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त चुन्नीलाल प्रजापति पुत्र मुट्टुर प्रजापति निवासी रेवती नगर पंचायत वार्ड नं0- 13 थाना रेवती जनपद बलिया उम्र करीब 25 वर्ष को रेवती पावर हाउस बभनौली के बगल में खंडहर नुमा घर के पास से समय लगभग 17.50 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना के पास से मृतका का 01 अदद पीली धातु का कान सुई धागा , एक अदद सफेद धातु तोडिया (पायल), 10 अदद नीली कांच कि चुडिया, 02 अदद प्लास्टिक के कंगन (रंग पीला लाल गुलावी कथई ), 01 अदद सिंदूरी ब्लाउज व 01 अदद चैन दार मटमैला रंग का पर्स जिसमें 1355 रुपये बरामद हुआ। अभियुक्तों की जामा तलाशी से कुल 3000 रू. एक बैग व 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया। अभियुक्त/ अभियुक्ता के विरूद्ध थाना कोतवाली में विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अभियुक्ता शोभा चौरसिया ने बताया गया कि मैंने 22 मई को समय करीब सुबह 09 बजे जिला अस्पताल बलिया से चुन्नी लाल के कहने पर उसकी पत्नी प्रीती को घुमाने के बहाने एक ई रिक्सा पर बैठाकर बयासी पुल कि तरफ ले गई थीं, मुझे चुन्नी लाल ने दिनांक 22.मई को सुबह भोर में एक पुडिया में कुछ देकर कहा था कि यह पानी के बोतल में मिलाकर उसे पिला देना और ई-रिक्शा से उसे लेकर बयासी पुल पर आ जाना। अगर किसी को कोई शंका हो तो तुम बता देना कि अभी मेरा कुछ देर में भाई आएगा इनकी तबीयत खराब है हम दवा कराने के लिए लेकर जा रहे है चुन्नी द्वारा दिये गये पुडिया के पाउडर को शोभा द्वारा खुद के बैग में बोतल में मिलाकर पानी को रास्ते में निकालकर प्रीती को पीने के लिए दी तथा जब प्रीती बेहोश हो गयी तो वह दोनों ई-रिक्शा से बयासी पर उतर गयी और ई-रिक्शा का किराए देकर वापस भेज दिया और शोभा द्वारा कहा गया कि अभी मेरे भैया आ रहे और हम लोग ईलाज के लिए अस्पताल ले जायेंगे। तब तक चुन्नी लाल भी वहां पर पहुच गये दोनो ने प्रीती को बाईक पर बीच में बैठाकर पुल से आगे सुनसान स्थान देखकर मेन सड़क नीचें जा रही एक पगडंडी के बगल में जहां पर झाडी व खन्धक नुमा था वही पर बबुल के एक पेड़ के पास झाडीयों में प्रीती प्रजापति को छिपा दिया तथा नीचे जाकर चुन्नी लाल ने प्रीती प्रजापति का गला दबा दिया उन लोगों को लगा कि वह मर गई है तो चुन्नी लाल अपने घर चला गया था वापस जाकर शोभा ने प्रीती प्रजापति के गुम होने कि अफवाह फैला दी तथा दो दिन तक ढूढने का नाटक करने के बाद 24 मई को चुन्नी लाल ने कोतवाली बलिया में जाकर प्रीती प्रजापति के गुमशुदगी दर्ज करा दी।

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर

सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918805642







# 'हिजबुल्लाह नहीं रुका तो लेबनान में फिर घुसेंगे', इजरायली सेना की धमकी



**टिफिन ( इजरायल-लेबनान सीमा )।** इजरायल-लेबनान सीमा पर तनाव का माहौल लगातार बना हुआ है। शांति वार्ताएं चल रही हैं, लेकिन इजरायली सैन्य अधिकारी स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि हिजबुल्लाह की तरफ से इजरायली निर्दोष नागरिकों पर हमले रुकने के कोई संकेत नहीं मिल रहे। अगर हमले जारी रहे तो इजरायल फिर से लेबनान में घुसपैठ की कार्रवाई कर सकता है। दो दिन पहले, यानी 27 मई 2026 को गैलीली क्षेत्र में हुए हमले में एक महिला इजरायली सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए। इस घटना ने सीमा क्षेत्र में रहने वाले निवासियों में फिर से भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सायरन की आवाज अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गई है। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले ईरान पर शुरू हुए, जिसमें ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत कई शीर्ष अधिकारी मारे गए। इसके तुरंत बाद लेबनान-इजरायल सीमा पर युद्ध जैसे हालात बन गए, क्योंकि ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए। 17 अप्रैल 2026 को दोनों पक्षों के बीच अस्थायी सीजफायर की सहमति बनी, लेकिन इसके बावजूद कुल 1500 से ज्यादा युद्धविराम उल्लंघन दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 400 लेबनान सीमा पर हुए हैं। इन उल्लंघनों में ड्रोन हमले, रॉकेट फायरिंग और सीमा पार घुसपैठ की कोशिशें शामिल हैं।

इजरायली सेना की तरफ से भी लगातार इसका कार्रवाई की जा रही है। इजरायली सेना का दावा है कि उन्होंने हिजबुल्लाह के कई ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि लेबनान की तरफ से इजरायली हवाई उल्लंघनों की शिकायतें लगातार आ रही हैं। यूनाइटेड नेशंस इंटरिम फोर्स इन लेबनान ने भी हजारों उल्लंघनों का जिक्र किया है, जिसका असर शांति स्थापित करने की कोशिशों पर भी है। इजरायल सेना की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और सैन्य संघर्ष पर काम करने वाले थिंक टैंक 'अल्मा' की संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल सारित जेहावी कहती हैं कि वे सीजफायर को लेकर चल रही वार्ताओं पर नजर रखे हुए हैं, लेकिन इससे ज्यादा प्रभावित नहीं हैं। वजह यह है कि इन वार्ताओं में परमाणु ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, जबकि ईरान समर्थित और पोषित आतंकी संगठनों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। हिजबुल्लाह जैसे संगठन पूरी तरह से ईरान पोषित हैं और जब तक इन संगठनों की फंडिंग तथा हथियारों की आपूर्ति पर रोक नहीं लगेगी, तब तक स्थायी शांति स्थापित नहीं की जा सकती। जेहावी बताती हैं कि इजरायल के हमलों में हिजबुल्लाह के बड़े मिसाइल लॉन्चर और हथियार नष्ट किए गए हैं, लेकिन उसकी पुनर्निर्माण क्षमता अभी भी बनी हुई है।

ईरान कई गुप्त मार्गों से हथियार और फंडिंग की आपूर्ति जारी रखे हुए है, जिससे हिजबुल्लाह अपनी ताकत बहाल करने में लगा है। अल्मा सेंटर की रिपोर्ट्स भी यही इशारा करती हैं कि सीमा पर ड्रोन हमले बढ़ रहे हैं और इजरायल को मजबूत कार्रवाई की जरूरत है। स्थानीय इजरायली अधिकारी और निवासी चिंता जता रहे हैं कि अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरान की छद्मम फोर्सेस पर सख्ती नहीं करता तो शांति वार्ताएं सिर्फ कागजी साबित होंगी। सफेद जैसे सीमावर्ती शहरों में स्कूल और दैनिक जीवन अभी भी प्रभावित हैं। दोनों पक्षों के बीच विश्वास की कमी और ईरान का साया इस पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को चुनौती दे रहा है।

इजरायल में अक्टूबर, 2026 में आम चुनाव है और कहीं न कहीं इसका भी असर है कि पीएम बेंजामिन नेतान्याहू की सरकार युद्ध विराम को लेकर कोई नरमी नहीं दिखाना चाहती, खास तौर पर तब जब हिजबुल्लाह के हमले में सैनिकों की मौत हो रही है और जनता की संपत्ति नष्ट हो रही है। आगे की घटनाएं तय करेंगी कि यह अस्थायी शांति स्थायी बन पाती है या फिर बड़े संघर्ष की ओर बढ़ती है।




























